दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर | 3 | आंचलिक | 4 | अभिव्यक्ति | 6 | छत्तीसगढ़ | 7 | खेल/बिजनेस

RNI NO.MPHIN/2020/81503 | जबलपुर, शनिवार 30 सितम्बर 2023, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी विक्रम संवत-2080 वर्ष-3 अंक-277 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए | जबलपुर, भोपाल, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित | www.navpradesh.com

पांच राज्यों में चुनाव के लिए बीजेपी का 'मास्टर प्लान'

- तैयार, फॉर्मूले पर लड़ेगी चुनाव!
- छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव

नई दिल्ली/नवप्रदेश। इस साल के अंत तक पांच राज्य मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होंगे। जल्द ही चुनाव की तारीखों की घोषणा की जाएगी। इस बीच चुनाव के मद्देनजर गुरुवार रात बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई और चुनावी रणनीति भी तय की गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष, वसुंधरा राजे सिंधिया, राजेंद्र राठौड़, सतीश पुनिया, अरुण सिंह, विजया रहाटकर, सह प्रभारी नितिन पटेल, गजेंद्र सिंह शेखावत, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ समेत अन्य दिग्गज नेता बैठक में भाग लिया।

लोगों का विश्वास अर्जित करना चाहिए

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बीजेपी ने विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति बना ली है। इसके मुताबिक जो भी बड़े नेता राज्य में बड़ी जिम्मेदारी पाना चाहते हैं या खुद को दावेदार दिखाने की कोशिश कर रहे हैं उन्हें सबसे पहले चुनाव मैदान में उतरना होगा और जनता का भरोसा जीतना होगा।

विधायकों की संख्या के आधार पर जिम्मेदारी दी जाएगी

अगर भारतीय जनता पार्टी चुनाव में बहुमत का आंकड़ा पार कर लेती है तो संबंधित राज्यों में नेताओं के प्रदर्शन और उनके पीछे खड़े विधायकों की संख्या को देखते हुए उन्हें बड़ी जिम्मेदारियां देने पर विचार किया जाएगा। हालांकि, अंतिम फैसला बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक के बाद ही लिया जाएगा।

दूसरे राज्यों में मध्य प्रदेश का फॉर्मूला

मध्य प्रदेश की तरह कहा जा रहा है कि बीजेपी अन्य राज्यों में भी कई वरिष्ठ नेताओं या केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा चुनाव में टिकट दे सकती है। मध्य प्रदेश में बीजेपी ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रल्हाद सिंह पटेल और फगन सिंह कुलस्ते को विधानसभा टिकट दिया है। इसके अलावा संगठन महासचिव कैलाश विजयवर्गीय समेत आठ सांसदों को मैदान में उतारा गया है।

इन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव

इस साल के अंत में मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होंगे। इन राज्यों में विधानसभा का कार्यकाल इस साल दिसंबर से जनवरी 2024 तक है। छत्तीसगढ़ विधानसभा का कार्यकाल 3 जनवरी, मध्य प्रदेश का 6 जनवरी 2024, राजस्थान का 14 जनवरी 2024, तेलंगाना का 16 जनवरी 2024 और मिजोरम का 17 दिसंबर को खत्म होगा।

अपनी मातृभूमि की रक्षा की प्रतिज्ञा लें : राज्यपाल मंगुभाई पटेल

वतन को जानो कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन

राज्यपाल ने युवाओं को दी पारस्परिक संवाद बनाए रखने की समझाईश

भोपाल/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि देश को युवाओं से अनेक आशा और अपेक्षाएं हैं। युवा देश के कर्णधार हैं। कश्मीरी युवा मातृभूमि की रक्षा की प्रतिज्ञा लें। राज्यपाल श्री पटेल शुक्रवार को ÷वतन को जानो÷ कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। गृह मंत्रालय के सहयोग से नेहरु युवा केंद्र ने जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी) में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जम्मू और कश्मीर के 6 जिलों के प्रतिभागी शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल श्री पटेल ने नेहरु युवा केंद्र की गतिविधियों पर आधारित ब्रोशर का लोकार्पण भी किया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि कश्मीरी युवा स्वामी विवेकानन्द के जीवन से प्रेरणा लें। उनके आदर्शों का अनुसरण करें। युवाओं के सतत प्रयास और सक्रिय भागीदारी से भारत विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों के लिए ÷वतन को जानो÷ कार्यक्रम देश को जानने और नए दोस्त बनाने का एक सुअवसर है। श्री पटेल ने प्रतिभागियों को मध्यप्रदेश से वापस जाने के बाद भी पारस्परिक संवाद कायम रखने की समझाईश दी। उन्होंने कहा कि संवाद के लिए परस्पर मोबाइल नंबर और पते का साझा करें। कश्मीर लौटने पर अपने परिवार और समाज के लोगों को प्रदेश की साझा संस्कृति, रीति-रिवाज और विविधता में रची-बसी एकता की ताकत के बारे में बताएं। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रतिभागी ÷वतन को जानो÷ कार्यक्रम का उपयोग वैश्विक नजरिए से समाज, देश और भविष्य के सकारात्मक चिंतन को सुदृढ़ बनाने में करें। उन्होंने कहा कि पारस्परिक सांस्कृतिक परंपराओं, भावनात्मक मान्यताओं, जीवन दर्शन और नैतिक मूल्यों की अद्भुत एकता को समझें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि कश्मीरी युवा मध्यप्रदेश के खान-पान, रहन-सहन, भाषायी अनेकता अभिन्नता के अटूट बंधनों की विरासत को सहेजने और मजबूत बनाने का प्रयास करें। देश की समकालीन संस्कृति और सभ्यता के विभिन्न पहलुओं में हो रहे, सुखद बदलावों को समझें और उनसे प्रेरणा लें। कार्यक्रम में मौजूद अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री मणिशंकर शर्मा ने कश्मीरी युवाओं से कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और लगन आदि नैतिक मूल्यों को जीवन में उतारकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने की अपील की। नेहरु युवा केंद्र के निदेशक डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला ने स्वागत उद्बोधन दिया।

आज बेबाक

सही बात है झुकती है दुनिया झुकाने वाला चाहिए। खुद को तुर्रम खां समझने वाले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को बहुत जल्दी भारत की ताकत का अहसास हो गया। नतीजतन उनके सुर बदल गए। उन्होंने माना है कि भारत दुनिया में सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था है। जिसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने भारत के साथ बेहतर संबंध बनाने की भी मंशा जाहिर की है। भारत से अदावत उन्हें बहुत महंगी पड़ेगी। बेहतर होगा वे आतंकवाद की आग को हवा देना बंद करें वरना भारत की शतरंजी चाल में मात खाकर जस्टिन ट्रूडो लूडो खेलने लायक भी नहीं रहेंगे।

पाकिस्तान में सुसाइड ब्लास्ट, 59 मौतें

ईद-ए-मिलाद के जुलूस के लिए इकट्ठा हुए थे लोग

बलूचिस्तान/ए.। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में शुक्रवार को एक मस्जिद के पास आत्मघाती हमला हुआ। इसमें एक डीएसपी समेत 52 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 लोग घायल हुए हैं। मरने वालों में एक पुलिस ऑफिसर भी शामिल हैं। हमले के वक्त लोग ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के जुलूस के लिए इकट्ठा हो रहे थे। मस्तुंग शहर के असिस्टेंट कमिश्नर ने बताया कि ब्लास्ट डीएसपी नवाज गिशकोरी की कार के पास हुआ। जियो न्यूज के मुताबिक, हमले में जिस पुलिस ऑफिसर की मौत हुई है वो डीएसपी नवाज ही हैं। बलूचिस्तान के कार्यवाहक सूचना मंत्री जन अचकजई ने बताया कि सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया है। जरूरत पड़ी तो उन्हें कराची शिफ्ट किया जाएगा। घायलों के इलाज की पूरी जिम्मेदारी सरकार उठाएगी।

जुलाई में भी हुआ था आत्मघाती हमला

इस महीने की शुरुआत में भी मस्तुंग में एक ब्लास्ट हुआ था। इसमें JUI-F के लीडर हफीज हमदुल्लाह सहित 11 लोग घायल हुए थे। वहीं, जुलाई में खैबर पख्तूनख्वा में एक पॉलिटिकल रैली के दौरान आत्मघाती हमला हुआ था। इसमें 23 बच्चों सहित करीब 54 लोगों की मौत हुई थी। वहीं 400 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। आतंकी संगठन आईएसआईएस ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी।

किसानों के आंदोलन से 90 ट्रेनें प्रभावित

चंडीगढ़ (ए.)। पंजाब में मुआवजा, एमएसपी और कर्ज माफी को लेकर किसानों का आंदोलन जारी है। किसान पंजाब भर में रेलवे लाइनों पर बैठे हुए हैं। रेलवे ट्रैक जाम होने के बाद दिल्ली से अमृतसर, पठानकोट से अमृतसर और पंजाब से चंडीगढ़, जालंधर, लुधियाना से मोगा, फिरोजपुर, फाजिल्का आदि सभी रूट्स पूरी तरह से ठप हैं। इससे 90 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। किसानों ने दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे जाम कर दिया है। किसान मोहाली के लालड़ू में चंडीगढ़ से अंबाला जाने वाले हाईवे पर धरना लगा कर बैठ गए हैं। इस दौरान किसानों की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई, जिसके बाद किसान भड़क उठे। पंजाब में गुरुवार से 19 किसान-मजदूर संगठन आंदोलन कर रहे है।

प्रधानमंत्री मोदी की आज साइंस कालेज में आमसभा

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिलासपुर में आयोजित परिवर्तन महा संकल्प रैली के दौरान सीपत रोड साइंस कालेज मैदान में आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। इसका आयोजन प्रदेश में जशपुर और दंतेवाड़ा इन दो स्थानों से शुरू हुई भाजपा की परिवर्तन यात्राओं के बिलासपुर में समापन अवसर पर किया गया है।

प्रदेश के पूर्व मंत्री तथा 30 सितंबर को बिलासपुर में आयोजित महा संकल्प परिवर्तन यात्रा के संयोजक अमर अग्रवाल गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। अमर अग्रवाल ने बताया कि भाजपा की ये दोनों परिवर्तन यात्राए प्रदेश के 85 विधानसभा क्षेत्रों से होते हुए आज बिलासपुर पहुंचेगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सीपत रोड साइंस कालेज के पास स्थित मैदान में होने वाली विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। अमर अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी बिलासपुर की इस आम सभा के लिए विमान से रायपुर और वहां से हेलीकाप्टर से दोपहर दो बजे साइंस कालेज मैदान परिसर में बने हेलीपैड में उतरेंगे। अमर अग्रवाल ने बताया कि साइंस कालेज मैदान के मुख्य गेट के अलावा इस आमसभा के लिए एसईसीएल के शताब्दी नगर द्वार की तरफ से एक मार्ग और उपलब्ध रहेगा। वहीं वीआईपी के लिए सोनगंगा कालोनी से होते हुए साइंस मैदान पहुंचने के लिए एक अन्य मार्ग भी तय किया गया है। इस आयोजन को लेकर सुरक्षा और व्यवस्था दोनों ही दृष्टियों से प्रशासन के साथ भाजपा नेताओं की सार्थक बैठक और चर्चा बुधवार को हो चुकी है। ओम माथुर तथा संगठन के प्रमुख नेता इस आमसभा को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा ले चुके हैं।

ईडी के समन के बावजूद दिल्ली में विरोध प्रदर्शन में भाग लेंगे अभिषेक

कोलकाता(वार्ता)। अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को चुनौती देते हुए शुक्रवार को कहा कि वह पार्टी के केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने के लिए 02 और 03 अक्टूबर को नयी दिल्ली में रहेंगे। तृणमूल कांग्रेस ने नरेंद्र मोदी सरकार पर विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के लिए धन जारी नहीं करने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय राजधानी में दो दिवसीय विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है, वहीं ईडी ने कथित स्कूल नौकरी घोटाले के संबंध में श्री अभिषेक को 03 अक्टूबर को यहां तलब किया है।

मेनका गांधी को इस्कॉन ने भेजा 100 करोड़ का मानहानि नोटिस

गाय पर बयान पड़ सकता है भारी

सुल्तानपुर (ए.)। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर से भारतीय जनता पार्टी की सांसद मेनका गांधी इंटरनेशन सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस पर दिए गए बयान पर घिरती जा रही हैं। मेनका के बयान पर पहले विपक्ष की ओर से हमला हुआ। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मेनका गांधी के बयान को एक बड़ी साजिश का हिस्सा बताया।

वहीं, इस्कॉन प्रबंधन भी उनके बयान से नाराज हो गया है। उनके खिलाफ 100 करोड़ की मानहानि का नोटिस जारी किया गया है। दरअसल, एक वायरल वीडियो में मेनका गांधी इस्कॉन को देश का सबसे बड़ा धोखेबाज कहती दिखी थीं। उन्होंने कहा है कि इस्कॉन अपनी गोशाला की गायों को कसाइयों के हाथों बेचता है। मेनका के दावे ने बवाल खड़ा कर दिया है।

इस्कॉन की ओर से भाजपा सांसद के दावे पर नाराजगी जताई गई है। संस्था की ओर से सांसद को मानहानि का नोटिस भेजा गया है। भाजपा सांसद मेनका गांधी **शेष पृष्ठ 5 पर**

दिल्ली में 25 करोड़ की चोरी का मास्टरमाइंड बिलासपुर से गिरफ्तार

बिलासपुर/ नई दिल्ली/ नवप्रदेश। राजधानी दिल्ली में 25 करोड़ की चोरी को अंजाम देने वाले शातिर चोर आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ ही गए। बिलासपुर पुलिस ने सबसे बड़ी चोरी की वारदात के मास्टरमाइंड लोकेश श्रीवास को भी गिरफ्तार कर लिया है। लोकेश कोई छोटा-मोटा चोर नहीं है। वो इससे पहले भी चोरी की बड़ी वारदातों को अंजाम दे चुका है। उसका आपराधिक इतिहास बड़ा पुराना है।

कौन है लोकेश श्रीवास?- दिल्ली के जंगपुरा इलाके के भोगल मार्केट में उमराव सिंह ज्वेलर्स की दुकान पर हाथ साफ करने वाले चोर पुलिस के हाथ आ गए। इनमें एक ऐसा चोर भी शामिल है, जिसे आप चोरों का सरदार कह सकते हैं। उसका नाम है लोकेश श्रीवास। वो कवर्धा जिले के रहने वाला है। वो इतना शातिर है कि उसने छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि कई राज्यों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। यही वजह है कि उसके खिलाफ तेलंगाना, महाराष्ट्र, दिल्ली, छत्तीसगढ़ में पिछली चोरियों की कई एफआईआर दर्ज हैं।

पुलिस छानबीन के दौरान पता चला कि 10 दिन पहले उसने छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिले की स्मृति नगर पुलिस चौकी से कुछ मीटर की दूरी पर ही एक कमरा किराए पर लिया था।

मणिपुर में जारी हिंसा के बीच सुप्रीम कोर्ट के पैनल का सरकार को आदेश 'धार्मिक इमारतों को ना पहुंचे कोई नुकसान'

नई दिल्ली (ए.)। मणिपुर में 5 महीने से जारी हिंसा के बीच सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित पूर्व न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय समिति ने राज्य सरकार से मणिपुर में सभी धार्मिक इमारतों की तुरंत पहचान करने और उन्हें नुकसान और अतिक्रमण से बचाने के लिए कहा है। मई से अब तक मणिपुर में हुई जातीय झड़पों में पूजा स्थलों को काफी नुकसान पहुंचाया गया है।

पैनल ने राज्य से विस्थापित व्यक्तियों की संपत्तियों के साथ-साथ हिंसा में नष्ट की गयी और जलाई गई संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनके अतिक्रमण को रोकने के लिए भी कहा है। पैनल ने कहा, ÷मणिपुर सरकार को तुरंत राज्य में सभी धार्मिक इमारतों की पहचान करनी चाहिए (जिसमें चर्च, मंदिर, मस्जिद और किसी अन्य धर्म की कोई इमारत शामिल होगी) चाहे वे वर्तमान में मौजूद हों या 3 मई को शुरू हुई हिंसा में तोड़-फोड़/क्षतिग्रस्त/जलाई गई हों।

254 चर्च और 132 मंदिर हुए नष्ट : समिति ने 8 सितंबर को राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ अपनी बैठक में सिफारिश की। ऐसी इमारतों को अतिक्रमण, नुकसान और विनाश से बचाने के लिए भी सिफारिश की गई थी। इस महीने की शुरुआत में एक बयान में, मणिपुर पुलिस ने **शेष पृष्ठ 5 पर**

गरमा-गरम

लोकार्पण... मुख्यमंत्री चौहान ने हरदा में 4 हजार 569 करोड़ 62 लाख से अधिक के विकास कार्यों का किया शिलान्यास और लोकार्पण

हरदा होगा शत-प्रतिशत सिंचित जिला: सीएम चौहान

मध्यप्रदेश कर रहा प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं का आदर्श क्रियान्वयन-मुख्यमंत्री चौहान

हंडिया का नाम नाभिपट्टनम होगा, नगर परिषद बनाया जायेगा

प्रदेश की माटी की पूजा और प्रदेशवासियों की सेवा मेरे जीवन का मिशन

हरदा में जुड़े नये 5 वार्डों में 5 करोड़ की लागत से होंगे विकास कार्य

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश का हरदा जिला शत-प्रतिशत सिंचित जिला बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने हरदा के किसान सम्मेलन में 4 हजार 469 करोड़ 62 लाख रूपये लागत के 122 कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास, 3 हजार 517 करोड़ की मोरंड एवं गंजाल बांध परियोजना तथा 720 करोड़ की शहीद ईलापसिंह माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना शिलान्यास किया। मोरंड गंजाल सिंचाई परियोजना से हरदा, नर्मदानुरम और खंडवा के 201 गांवों के 73 हजार 920 कृषक लाभांवित होंगे और 64 हजार 111 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। शहीद ईलापसिंह परियोजना से हरदा जिले के 118 ग्राम लाभांवित होंगे तथा 26 हजार 898 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। इस प्रकार 319 गांवों की 91,100 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई होगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 266 करोड़ लागत की 42 सड़क मार्गों एवं पुलियों, 44 करोड़ की 22 ग्रामीण सड़कों और पुलियों का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हरदा में 11 करोड़ 65 लाख की लागत से पूर्ण हुए 28 विकास कार्यों, 9 करोड़ 29 करोड़ की लागत से पूरा हुई, 12 नल-जल प्रदाय योजनाओं और 2 करोड़ 40 लाख रूपये की लागत से पंचायत एवं ग्रामीण विकास के 16 कार्यों का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने टिमरनी विधानसभा के 25 नवीन कार्यों का शिलान्यास किया, जिनमें 26 करोड़ से अधिक की लागत से बनने वाले 4 मार्ग, 7 नवीन आंगनवाड़ी भवन और 13 अन्य कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 33 लाख की लागत से बने महाविद्यालय भवन, 20 लाख की लागत से निर्मित नल-जल प्रदाय योजना, ग्राम सुल्तानपुर में आंगनवाड़ी भवन और सड़क मार्गों का लोकार्पण भी किया।

हंडिया को नगर परिषद बनाकर उसका नाम नाभिपट्टनम किया जायेगा

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पंचायत का प्रस्ताव पारित होने पर हंडिया का नाम नाभिपट्टनम रखकर पर उसे नगर परिषद बनाया जायेगा। हरदा में जुड़े नये 5 वार्डों में लगभग 5 करोड़ रूपये **शेष पृष्ठ 5 पर**

कावेरी जल विवाद को लेकर बेंगलुरु में स्कूल-कॉलेज बंद, दर्जनों फ्लाइट्स कैंसिल

बेंगलुरु (ए.)। कर्नाटक के पड़ोसी राज्य तमिलनाडु को कावेरी नदी का पानी छोड़े जाने के आदेश को लेकर कई विरोध प्रदर्शन अतीत में हुए। एक बार फिर कन्नड़ समर्थक संगठनों और किसान संगठनों ने कावेरी नदी का पानी छोड़े जाने के विरोध में शुक्रवार को कर्नाटक बंद का आह्वान किया है। दक्षिणी राज्य शुक्रवार को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगा। सुबह से ही बेंगलुरु समेत कर्नाटक के कई हिस्सों में बंद की तस्वीरें कैद हुई हैं। बेंगलुरु में सभी शैक्षणिक संस्थान बंद कर दिए गए हैं। पुलिस ने अप्रिय स्थिति से बचने के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में धारा 144 जारी कर दी है। जहां-जहां विरोध प्रदर्शन ज्यादा उस जिले में धारा 144 का पालन सख्ती से किया जा रहा है। वहीं बेंगलुरु के पास कावेरी नदी जल विवाद पर प्रदर्शन कर रहे कन्नड़ समर्थक संगठनों के 50 से अधिक सदस्यों को हिरासत में लिया है। बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार सुबह 44 फ्लाइट्स को रद्द कर दिया गया है।

पिछले कुछ दिनों से कर्नाटक और तमिलनाडु में की कावेरी नदी के पानी को लेकर विरोध-प्रदर्शन

देखा जा रहा है. विभिन्न क्षेत्रों में गतिरोध बना हुआ है. इस बीच कन्नड़ समर्थक संगठन 'कन्नड़ ओकुट्टा' और विभिन्न किसान संगठनों ने शुक्रवार को 12 घंटे के बंद का आह्वान किया है। कर्नाटक के ऑटो रिक्शा और हेल राइडर्स एसोसिएशन ने हड़ताल का समर्थन किया। जिसके चलते शुक्रवार को कर्नाटक की सड़कों पर ओला, उबर जैसी कैब सेवाएं नहीं मिलेंगी। शॉपिंग मॉल, सिनेमा हॉल भी बंद रहेंगे। बंद का असर हवाई सेवाओं पर भी पड़ा है।

हालांकि, कर्नाटक राज्य सरकार परिवहन निगम और बैंगलोर परिवहन निगम की बस सेवाएं संचालित होती रहेंगी। बैंक खुले रहेंगे, अस्पताल और एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं चालू रखी जाएंगी। बीजेपी, जेडीएस जैसी पार्टियों ने भी बंद का समर्थन किया। बंद के दौरान अशांति से बचने के लिए राज्य के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

कावेरी जल को लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। हाल ही में कावेरी जल वितरण बोर्ड या कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) ने कर्नाटक को 15 दिनों के लिए तमिलनाडु को 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्देश दिया।

क्या है ताजा हाल?

चिकमंगलूर में प्रदर्शनकारियों ने बाइक से पेट्रोल पंपों में घुसकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का पुतला भी जलाया। बेंगलुरु में प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया और फ्रीडम पार्क लाया गया। मांड्या में प्रदर्शनकारी विरोध स्वरूप सड़कों पर उतर आए।

न्यूज गैलरी

कश्मीर में पंजाब के दो निवासी नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को कुलगाम जिले में पंजाब के दो निवासियों को गिरफ्तार कर उनके पास से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक काजीगुंड थाने की टीम ने गश्त के दौरान दो लोगों को सामान का थैला लेकर संदिग्ध हालत में घूमते देखा और उन्हें रोका। दोनों ने मौके से भागने की कोशिश की लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। उनके सामान की जांच के दौरान, उनके पास से 19 किलोग्राम पोस्ता भूसे जैसा प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किया गया। दोनों की पहचान पंजाब के शैरीवाला लुधियाना निवासी बलविंदर सिंह और वलीपोर खुराद लुधियाना, पंजाब के हरविंदर सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने कहा कि काजीगुंड पुलिस स्टेशन में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने नाटो महासचिव से की मुलाकात

कीव (वार्ता)। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर ज़ेलेंस्की ने गुरुवार को यूक्रेन और गठबंधन के बीच सहयोग एवं मेल-मिलाप पर चर्चा करने के लिए उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग से मुलाकात की। यूक्रेन के राष्ट्रपति प्रेस विंग की ओर से शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। दोनों पक्षों ने रक्षा मुद्दों पर बातचीत की। इस दौरान, यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को संभावित हमलों से बचाना और नाटो सदस्य देशों द्वारा यूक्रेन को अतिरिक्त वायु रक्षा प्रणालियों की आपूर्ति की संभावनाएं पर भी विचार विमर्श किया गया। श्री जेलेंस्की ने मीडिया को इस वार्ता को 'वास्तव में सहयोगियों के बीच सार्थक बातचीत' बताया। उन्होंने कहा, यूक्रेन के गठबंधन का वैधानिक सदस्य बनने से पहले यह केवल समय की बात है। हम इसे जल्द से जल्द पूरा करने के लिए सब कुछ कर रहे हैं। श्री स्टोल्टेनबर्ग ने कहा कि यूक्रेन के लिए नाटो का समर्थन जारी रहेगा। नाटो यूक्रेन के साथ तब तक खड़ा रहेगा, जब तक इसकी जरूरत पड़ेगी। श्री स्टोल्टेनबर्ग इन दिनों यूक्रेन की यात्रा पर हैं।

भाजपा भ्रमित भी और भयभीत भी: कमलनाथ

भोपाल(वार्ता)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज भारतीय जनता पार्टी पर सबको दिग्भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए

कहा कि पार्टी इस बार स्वयं ही दिग्भ्रमित और भयभीत दोनों है। श्री कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, सबको दिग्भ्रमित करने वाली भाजपा आगामी चुनावों में अपनी हार को सामने देखकर खुद ही दिग्भ्रमित हो गयी है और डरकर विरोधाभासी नीति अपना रही है, जिससे जनता में भाजपा की हँसी उड़ रही है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ़ भाजपा दावा कर रही है कि वो नयी पीढ़ी के नेताओं को आगे बढ़ाना चाहती है, दूसरी तरफ़ वो ऐसे नेताओं को चुनाव लड़ने के लिए बाध्य कर रही है, जिनके पास लड़ने की इच्छा-शक्ति नहीं है। चुनाव की तैयारी कर रहे पार्टी के कई युवा नेता खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। भाजपा भ्रमित भी है और भयभीत भी।

मिर्जापुर: विंध्यधाम में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देने के प्रयास शुरू

मिर्जापुर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में काशी विश्वनाथ मंदिर की तर्ज पर विंध्याचल मंदिर कोरिडोर निर्माण के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देने के प्रयास शुरू कर दिये गये हैं। विंध्यधाम में हेलीपोर्ट एवं मेल्टीलेबल पार्किंग बनाया जायेगा और 35 एकड़ में बनने वाले हेलीपोर्ट पर छह करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। मां विंध्यवासिनी के दर्शन पूजन करने के बाद भक्त विंध्यधाम के साथ अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर जा सकेंगे। भक्त विंध्याचल से वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट, मथुरा अयोध्या आदि तीर्थ स्थलों पहुंच सकेंगे। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि विंध्यधाम में हेलीपोर्ट बनाया जाना है। इसके लिए छह करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि जमीन की तलाश करने के निर्देश दिए गए हैं। सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि हेलीपोर्ट के निर्माण के लिए विभाग द्वारा योजना स्वीकृत की गई है। जिसपर छह करोड़ रुपए का प्राविधान किया गया है। इसके लिए 35 एकड जमीन की तलाश जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। श्री भारती ने बताया कि सरकार द्वारा भक्तों की सुविधा को दृष्टिगत विंध्याचल में प्रमुख चिन्हित स्थानों पर मल्टीलेवल पार्किंग बनाया जाएगा जिसके लिए 14 करोड रुपए खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि हेलीपोर्ट एवं मेल्टीलेबल पार्किंग के लिए शासन से स्वीकृत मिल गई है।

महराजगंज :दो वन तस्कर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

महराजगंज (वार्ता)। महराजगंज में वनकर्मी पर वाहन चढाकर जानलेवा हमला करने वाले दो वन तस्कर पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिए गये हैं। महराजगंज में कुछ दिन पहले जंगल में वनकर्मी पर वाहन चढ़ाकर जानलेवा हमला करने वाले तस्करों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ के दौरान एक वन तस्कर के पैर में लगी गोली ,जिसमे पुलिस ने दो तस्करों गिरफ्तार किया है इस मामले में पुलिस ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी दी है। पुलिस ने बताया है कि फरेंदा थाना क्षेत्र में बीते 27 नवंबर को एक वनकर्मी पर पिकप वाहन चढाकर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया गया था। इस मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही थी। इसी बीच सूचना पर समय माता मंदिर विशुनपुर अदरीना के पास पहुचकर तस्करों को पकड़ने के लिए घेराबंदी कर दी गई। समय सुबह तीन बजे के करीब एक मोटरसाईकिल पर दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। जिन्हे टार्च की रोशनी से इशारा करते हुए रोकने का प्रयास किया गया तो वह पुलिस वालो को जान मारने की नीयत से फायर कर के बृजमनगंज की तरफ भागने लगे, जिनका पीछा किया गया तो वह मोटरसाईकिल को छोड़कर जंगल की तरफ पैदल भागने लगे। तस्करों को पड़कने की कोशिश की गई तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद हुए मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लग गई, वहीं दूसरा आरोपी भी पकड़ लिया गया। आरोपी के पास से एक 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ।

गुजरात में नूंह जैसी हिंसा

बजरंग दल की यात्रा पर हमला; पत्थरबाजी और आगजनी से तनाव

नर्मदा (ए.) गुजरात के नर्मदा जिले में सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया है। यहां सेलांबा इलाके में बजरंग दल की शौर्य यात्रा पर हमले के बाद जमकर बवाल हुआ। जमकर पत्थरबाजी और आगजनी की गई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागकर भीड़ को मौके से हटा दिया है। बड़ी संख्या में पुलिसफोर्स की तैनाती की गई है। एक दिन पहले ही वडोदरा में भी सांप्रदायिक तनाव हो गया था। यहां गणेश विसर्जन के दौरान कुछ लोगों ने पथराव कर दिया था।

गुजराती मीडिया के मुताबिक कइदा और सेलांबा गांव के बीच बजरंग दल ने शौर्य यात्रा का आयोजन किया था। जब यात्रा एक मुस्लिम बस्ती से गुजर रही

थी तो कुछ उपद्रवियों ने अचानक पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। पत्थरबाजी के अलावा कम से कम दो दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। मौके पर कुछ पुलिसकर्मी मौजूद थे। हालांकि, इनके पास हथियार नहीं थे और वे भीड़ को रोकने में नाकामयाब रहे।

पत्थरबाजी में कुछ लोग घायल बताए जा रहे हैं। वहीं, कई दुकानों और मकानों में नुकसान हुआ है। कुछ गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई। तनाव की सूचना के बाद मौके पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स को भेजा गया। आंसू गैस के गोले दागकर स्थिति को संभाला गया। मौके पर पुलिस फोर्स की तैनाती बढ़ा दी गई है। कई थानों की पुलिस ने पूरे इलाके में गश्त शुरू कर दी है। फिलहाल तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं। डिप्टी एसपी, एलसीबी और एसओजी समेत सभी वरिष्ठ अधिकारी स्थिति को संभालने में जुटे हैं।

गौरतलब है कि हरियाणा के नूंह जिले में भी 31 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद की यात्रा पर हमला किया गया था जिसके बाद वहां हिंसा की घटनाओं में 6 लोगों की जान चली गई थी और दर्जनों लोग घायल हो गए थे। कई दिनों तक धारा 144 लगी रही और इंटरनेट बंद कर दिया गया था।

कानून, व्यवस्था प्रबंधन के मामले में त्रिपुरा भारत में पांचवें स्थान पर : साहा

अगरतला (वार्ता)। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ माणिक साहा ने कहा है कि राज्य ने कानून एवं व्यवस्था के प्रबंधन के मामले में देश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है।

श्री साहा ने असम-त्रिपुरा सीमा पर बागबासा में राज्य के 87वें पुलिस स्टेशन के उद्घाटन के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहु-आयामी रणनीति अपनाई है, जिससे स्थिति में और सुधार हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस की ताकत बढ़ाने के अलावा, राज्य सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराध, नशीली दवाओं और नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों को रोकने और लोगों के लिए सामान्य कानून व्यवस्था, सुरक्षा और संरक्षा में सुधार के लिए निर्बाध प्रयास सुनिश्चित करने के मिशन पर काम कर रही है।

उन्होंने रेखांकित करते हुए कहा, ÷त्रिपुरा में कानून और व्यवस्था की स्थिति अब बेहतर है, जो निवेशकों को आकर्षित करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूर्वोत्तर के लिए किए जा रहे प्रयासों की श्रृंखला के साथ, त्रिपुरा दक्षिण पूर्व एशिया के साथ व्यापार और वाणिज्य का केंद्र बन गया है। हमें लाभ को उठाने की जरूरत है।''

श्री साहा ने कहा कि पिछले साल नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत 750 लोगों को गिरफ्तार किया गया था और 51 करोड़ रुपये की दवाएं जब्त की गई थीं। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा को नशा मुक्त बनाने के मिशन के तहत इस साल यह आंकड़ा ऊपर की ओर बढ़ रहा है।

सीआरपीएफ महानिदेशक ने कश्मीर का 'ऑपरेशनल' दौरा किया

श्रीनगर (वार्ता/नवप्रदेश) केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक सुजॉय लाल थाओसेन ने परिचालन तैयारियों का आकलन करने और क्षेत्र में तैनात कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए कश्मीर का दौरा किया।

सीआरपीएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ महानिदेशक का दक्षिणी कश्मीर में अनंतनाग जिले के एक वन क्षेत्र में आतंकवादी मुठभेड़ के लगभग दो सप्ताह बाद का यह दौरा है, जिसमें सेना के दो अधिकारी, एक पुलिस उपाधीक्षक और एक जवान शहीद हो गए। एक सप्ताह तक चले

ऑपरेशन में अधिकारियों की हत्या के पीछे शामिल लश्कर-ए-तैयबा के एक शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी भी मारे गये थे।

उन्होंने बताया कि महानिदेशक ने श्रीनगर में रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर (आरटीसी) और दक्षिण कश्मीर में सीआरपीएफ बटालियन का दौरा किया। उनके साथ जम्मू-कश्मीर जोन सीआरपीएफ के अतिरिक्त महानिदेशक नलिन प्रभात, कश्मीर अभियान क्षेत्र के सीआरपीएफ के महानिरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार वर्मा और श्रीनगर क्षेत्रीय सीआरपीएफ के महानिरीक्षक अजय यादव

समय से पहले सेवानिवृत्त हुआ ऑस्ट्रेलिया के रक्षा बल का एमआरएच-90 ताइपन हेलिकॉप्टर

कैनबरा (वार्ता/नवप्रदेश) ऑस्ट्रेलिया के रक्षा बल के एमआरएच-90 ताइपन हेलिकॉप्टरों के बेड़े को एक घातक दुर्घटना के बाद समय से पहले ही सेवानिवृत्त कर दिया गया है।

यह जानकारी रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स और रक्षा उद्योग मंत्री पैट कॉनरॉय ने शुक्रवार को दी। उन्होंने कहा कि ताइपन दिसंबर 2024 में निर्धारित सेवानिवृत्ति से पहले उड़ान संचालन में वापस नहीं आएंगे।

सरकार ने यह फैसला जुलाई में ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल (एडीएफ) के चार कर्मियों की मौत के बाद लिया है। उस समय एमआरएच-90 एक सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान क्वींसलैंड राज्य के तट पर समुद्र में

दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। दोनों मंत्रियों ने एक संयुक्त बयान में कहा, ÷सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हमारे लोगों की सुरक्षा और भलाई है।÷

उन्होंने कहा, ÷हम इस साल की शुरुआत में अपनी जान गंवाने वाले चार सैनिकों के परिवारों और व्यापक रक्षा समुदाय का समर्थन करना जारी रखेंगे।÷ ताइपन्स की जगह लेने वाले 40 यूएच-60 ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टरों के बेड़े में से पहला ऑस्ट्रेलिया पहुंच गया है।

उल्लेखनीय है कि 28 जुलाई की रात को तस्मान सेबर अभ्यास 2023 के हिस्से के रूप में चार चालक दल ब्रिस्बेन से 900 किलोमीटर उत्तर में हैमिल्टन द्वीप के पास एमआरएच-90 पर उड़ान भर रहे थे।

हिमालय के तापमान में तेजी से बदलाव

ग्लेशियरों पर भी बुरा असर; एक्सपर्ट को इस बात की चिंता

अल्मोड़ा(ए.)। हिमालय का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। इक्कीसवीं सदी में इसके गरम होने की रफ्तार दोगुनी हो गई है। निचले इलाकों की तुलना में उच्च हिमालयी क्षेत्र ज्यादा तेजी से गरम हो रहा है। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान की रिपोर्ट बताती है कि यदि यही स्थिति रही तो इस सदी के समाप्त होने तक हिमालय के तापमान में 2.6 से 4.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

इससे बड़ी संख्या में ग्लेशियर और नदियों के प्रभावित होने का खतरा बढ़ जाएगा। पुणे स्थित संस्थान ने हिमालय के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे वैज्ञानिक अध्ययनों से मिले आंकड़ों का विश्लेषण किया है। सौ से ज्यादा वर्षों के आंकड़ों के अध्ययन से पता चला कि हिमालय का तापमान बीसवीं सदी की शुरुआत से धीरे-धीरे बढ़ने लगा था।

बीच के कुछ वर्षों में हालात सुधरे भी पर 1970 के बाद बिगड़ी स्थिति फिर काबू नहीं हो पाई। 21वीं सदी शुरू होने के साथ ये और विकराल हो गई है।



1970 के बाद तेज गिरावट

हिमालय का औसत तापमान वर्ष 1901 से 1940 तक धीरे-धीरे बढ़ा। वर्ष 1940 से 1970 के बीच तापमान में भी गिरावट देखने को मिली, पर वर्ष 1970 के बाद तापमान काफी तेजी से बढ़ने लगा। बीच के 30 सालों में तापमान गिरने की क्या वजह रही, इस पर भी अध्ययन किया जा रहा है।

चार हजार मीटर से ऊपर तीव्रता से बढ़ रहा तापमान

चार हजार मीटर से अधिक की ऊंचाई पर हिमालय का तापमान और तेजी से बढ़ रहा है। 10 वर्षों में इन स्थानों पर 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि देखी गई है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि भविष्य में तापमान बढ़ने की रफ्तार और बढ़ेगी। माना जा रहा है कि 21वीं सदी के अंत तक तापमान में 2.6 से 4.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। जो कि एक चिंता का विषय है। इससे पेड़ पौधों और लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है।

पीटीआई नेता हबीब समेत नौ गिरफ्तार

क्वेटा (वार्ता)। पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ(पीटीआई) के नेता फारूख हबीब सहित नौ लोगों को पुलिस ने ग्वादर में गिरफ्तार किया है।

पाकिस्तानी समाचारपत्र डॉन ने बलूचिस्तान के कार्यवाहक सूचना मंत्री जान अचकजई के हवाले से इसकी पुष्टि की है।

रिपोर्ट के मुताबिक श्री हबीब ग्वादर पहुंचे थे और एक होटल में ठहरे हुए थे। उनकी मौजूदगी के बारे में खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों के जवानों ने श्वेत वस्त्र में छापा मारा और उन्हें आठ अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार कर लिया। श्री हबीब पूर्ववर्ती पीटीआई सरकार के दौरान सूचना राज्य मंत्री थे। गिरफ्तार लोगों में श्री हबीब के ससुर भी शामिल हैं, जिन्हें गिरफ्तारी के बाद अज्ञात जगह पर ले जाया गया है।

इस बीच पीटीआई ने इस कार्रवाई की निंदा की है। पीटीआई नेता एवं पूर्व मंत्री महमूद खान अश्काज ने कहा कि श्री हबीब ग्वादर से ईरान में प्रवेश करने के लिए अपने भाई, ससुर और छह अन्य लोगों के साथ ग्वादर पहुंचे। उन्होंने कहा कि श्री हबीब, उनके भाई और ससुर को अज्ञात स्थान पर स्थानांतरित करने के बाद, छह अन्य लोगों को ग्वादर पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने हालांकि शुरुआती जांच के बाद सभी छह लोगों को जमानत पर रिहा कर दिया। जमानत पर रिहा किए गए लोगों में जवाद एहसान रज़ा, मुहम्मद मोहसिन, अब्दुल जब्बार, मुहम्मद नदीम, मुहम्मद साकिब नसीम और मुदस्सिर शामिल हैं।

चीन सीमा पर बन रही 'अदृश्य' सड़क, देख भी नहीं पाएगा ड्रैगन और पहुंचेंगे सैनिक

नई दिल्ली। भारत-चीन के साथ विवादित वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए एक 'अदृश्य' सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस सड़क की खास बात है कि यह चीनी सेना के लिए अभेद्य होगा। इस सड़क के जरिए अग्रिम पंक्ति को मजबूत करने के लिए सैनिकों, हथियारों और रसद की आवाजाही की जा सकेगी। इस खास योजना की कड़ी में भारत एलएसी स्थित अपने सबसे उत्तरी सैन्य अड्डे दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) तक एक महत्वपूर्ण सड़क परियोजना पूरा करने के करीब है।

दारबुक से डीबीओ की मौजूदा सड़क एलएसी के निकट होने के कारण अधिक असुरक्षित है। जबकि तैयार की जाने वाली नई सड़क नुब्रा घाटी में ससोमा से निकलती है। इस अदृश्य सड़क के जरिए सेना और उपकरणों की आवाजाही आसानी से की जा सकेगी।

हालांकि, 130 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण में कई चुनौतियां शामिल हैं। दुर्गम स्थिति होने के चलते अनुभवी इंजीनियरों के लिए भी इसे तैयार कठिन होगा।

सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) इस महत्वाकांक्षी परियोजना का नेतृत्व कर रहा है, जिसके लिए श्योक नदी पर पुल बनाने और हिमाच्छादित क्षेत्रों में काम करने की आवश्यकता पड़ेगी। इन चुनौतियों के बावजूद, अधिकारियों ने हिंदुस्तान टाइम्स से पुष्टि की है कि महत्वपूर्ण सैन्य गतिविधियों के लिए सड़क नवंबर 2023 तक चालू हो जाएगी। वहीं 12 महीनों के भीतर पूरी तरह से ब्लैकटॉपिंग किए जाने की उम्मीद है। एक अज्ञात अधिकारी के अनुसार, परियोजना की समय सीमा को पूरा करने के लिए अत्याधूनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इसमें इन कठिन इलाकों में सड़क की सतहों को स्थिर करने के लिए त्रि-आयामी जियोसेल्स और विस्तार योग्य पैनल का उपयोग शामिल है। इस बीच, बीआरओ ने 2028 तक हर मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए सासेर ला के नीचे 7 किलोमीटर लंबी सुरंग की योजना भी तैयार की है। पिछले तीन सालों में बीआरओ ने लगभग 8,000 करोड़ रुपये की लागत वाली लगभग 300 महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूरी की हैं। इनमें निमू-पदम-दारचा, चुशुल-डुंगती-फुक्चे-डेमचोक और लिकारू-मिग ला-फुक्चे जैसे महत्वपूर्ण सड़क नेटवर्क शामिल हैं, हालांकि सीमा तनाव को हल करने के लिए भारत और चीन के बीच बातचीत जारी है।

हृदय रोगों से बचाव के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाना आवश्यक: मुख्यमंत्री चौहान

मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और चिकित्सकों के साथ किया पौध-रोपण

विश्व हृदय दिवस पर हृदय स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के लिए हार्ट अवेयरनेस व्हीकल को 19 जिलों की यात्रा पर किया रवाना

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पीपल, मौलश्री और गुलमोहर के पौधे रोपे। मुख्यमंत्री के साथ जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री नरेंद्र मरावी, कटनी जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री अशोक विश्वकर्मा, भोपाल के पूर्व महापौर श्री आलोक शर्मा, शहडोल के जन-प्रतिनिधि श्री अनिल द्विवेदी, छिंदवाड़ा की सुश्री शिवानी पटले, प्रेमलता पटले और रंजना तिवारी ने भी पौधे लगाए। श्रीमती बबीता मिश्रा ने अपने जन्म-दिवस पर पति श्री चंद्रमौलि मिश्रा के साथ पौध-रोपण किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपोलो सेज

हॉस्पिटल भोपाल द्वारा विश्व हृदय दिवस पर हृदय स्वास्थ्य जन-जागरूकता के लिए हार्ट अवेयरनेस व्हीकल को 19 जिलों के लिए झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्वस्थ हृदय के लिए आवश्यक सावधानियां और हृदय रोग से बचाव संबंधी उपाय के बारे में जागरूकता बहुत आवश्यक है। लोग सावधानी बरतें, समय-समय पर जरूरी जांच करवाते रहें और प्रारंभिक लक्षण आने पर तत्काल चिकित्सक से परामर्श लें तो गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है। हृदय जागरूकता वाहन 19 जिलों में 30 दिन में 2500 किलोमीटर की यात्रा करते हुए जनता में जागरूकता का प्रचार-प्रसार करेगा। इस अवसर पर सेज ग्रुप के सीएमडी श्री संजीव अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक सुश्री रिंकी अग्रवाल, सलाहकार श्री हितेश वाजपेई तथा अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ व चिकित्सक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ श्री संजीव अग्रवाल तथा उनकी टीम ने पौधे-रोपण किया। ग्वालियर की संस्था ÷ फिर एक प्रयास÷ ने भी लगाए पौधे

'अगले बरस तू जल्दी आ' के साथ किया गणपति को विदा

» दिनभर चला हवन और भंडारा तुलसी सरोवर के पास बने कुण्ड में हुआ विसर्जन

अशोकनगर/नवप्रदेश। गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ जिलेभर में भगवान गणपति को विदाई दी। इस अवसर पर चल समारोह निकालकर श्रद्धालु जलस्त्रोतों पर पहुंचे और गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इसी के साथ गुरुवार को दस दिन तक चलने वाले गणेश उत्सव का समापन हो गया। जिला मुख्यालय पर तुलसी सरोवर के पास स्थित कुण्ड में विसर्जन किया गया। बीती 19 सितंबर से गणेश उत्सव की शुरूआत हुई थी। जिलेभर में गणेश जी की हजारों स्थान पर झांकियां सजाई गई थीं, जिनमें गणपति भक्तों ने दस दिनों तक भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान सुबह-शाम दोनों समय गणेश जी की सामूहिक आरती भी की गई। पांडालों के अलावा घरों

में भी गणेश जी की स्थापना कर इनकी पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान प्रतिदिन गणेश जी को मोदक का भोग लगाया गया। गुरुवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर दस दिवसीय गणेश उत्सव का समापन हो गया। कुछ झांकी समितियों द्वारा बुधवार को ही भंडारे का आयोजन कर लिया गया था जबकि अधिकांश झांकी समितियों द्वारा गुरुवार को भंडारे का आयोजन किया गया। इसके पहले हवन, पूजन भी की गई। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। जिला मुख्यालय पर सुभाषगंज, तुलसी कॉलोनी, गांधी पार्क, शिवगौरी मंदिर नेहरू बालोद्यान, स्वामी जी की बगिया आदि स्थानों पर भव्य झांकियां सजाई गई थीं। इन स्थानों पर भंडारों का भी आयोजन किया गया। इस दौरान सोनी समाज द्वारा विमान निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

चल समारोह निकालकर किया गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

जौरा/नवप्रदेश । गणेश महोत्सव को लेकर कस्बे में विभिन्न स्थानों पर पंडालों में विराजमान गणेश प्रतिमाओं को गुरुवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर कस्बे में चल समारोह निकाल कर विसर्जन के लिए ले जाया जा रहा था इससे पूर्व आयोजन समितियो ने पंडालो में हवन पूजन कर कन्या भोज एवं सामूहिक भंडारों का आयोजन कर श्रद्धालुओ को भोजन प्रसादी वितरण की।

विभिन्न जगहों से गणपति बप्पा की प्रतिमाओं को विसर्जन करने के लिए शुरू हुए चल समारोह में महिला पुरुष बच्चे आदि श्रद्धालु झूम कर नाचते हुए अबीर गुलाल की बारिश होती नजर आ रही थी। वही डीजे की धुन पर गणपति बप्पा मोरिया अगली बरस तू जल्दी आ की गूंज सड़कों पर सुनाई दे रही थी। कस्बे के मौला गली तमोली गली बनिया पाड़ा टेंपो स्टैंड जेल रोड अस्पताल रोड सहित कई स्थानों से दोपहर भंडारों के आयोजन संपूर्ण होने के बाद पिक अप वाहनों में श्री गणेश की प्रतिमाओं को रखकर पूरे विधि विधान के साथ आरती वंदना कर कस्बे के प्रमुख मार्गों के चल समारोह निकलते हुए ले जाते हुए नजर आए गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाते समय निकाले गए चल समारोह में शामिल महिला पुरुष बच्चे अभी गुलाल फूलों की बारिश करते नजर आ रहे थे।

सार-समाचार

कोलारस नगर परिषद ने लगाया स्वास्थ्य सेवा सहयोग शिविर

कोलारस/नवप्रदेश। कोलारस नगर परिषद में सफाई कर्मचारियों को लगाया स्वास्थ्य शिविर नगरीय विकास एवं आवास विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मध्य प्रदेश द्वारा संयुक्त मैं लगाए जा रहे हैं स्वच्छता अभियान अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत 26 सितंबर को सफाई मित्रों हेतु स्वास्थ्य सेवा सहयोग और क्षमता वर्धन शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम अंतर्गत नगर परिषद कोलारस के सफाई कर्मचारीयो के स्वास्थ्य की जांच एवं दवा वितरण किया गया स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रतिक्षण दिया गया नगर परिषद में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के आयोजन में सफाई कर्मचारी आदि समस्त लोगों ने भाग लिया एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराया स्वास्थ्य शिविर में नगर परिषद सीएमओ संजय श्रीवास्तव इंजीनियर हर्षित गुप्ता विष्णु कुमार भदकारिया शिवम माहेश्वरी सागर सडैया डॉ रामकुमार गुप्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे ।

सेनपुरा मेले में शामिल हुए विधायक घनश्याम सिंह

दतिया/नवप्रदेश। गुरुवार को ग्राम सेनपुरा में लोक देवता बालक देव महाराज के स्थान पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य मेला का आयोजन हुआ। मेले में हजारों श्रद्धालुओं की मन्नत पूर्ण होने पर बंध कटवाने पहुंचे। मेले में विधायक घनश्याम सिंह विशेष रूप से सम्मिलित हुए। विधायक श्री सिंह ने बालक देव महाराज के स्थान पर पूजा,अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर राजा भैया गुर्जर, शिवाजी गुर्जर, ऋषभ राजा गुर्जर, मानवेंद्र गुर्जर कुलदीप गुर्जर, केपी यादव, रामबरन गुर्जर, कुलदीप परिहार, दीपक परिहार, लवजी गुर्जर, युवराज, उधम पहलवान, रामकिशन बघेल, संजीव परिहार, अर्जुन परिहार, विकाश जाटव, अरविंद बघेल, दीपेंद्र गुर्जर एवं बंटी गुर्जर सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

शहीद भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा लें युवाः पिरोनिया

दतिया/नवप्रदेश। सरदार भगतसिंह की शहादत देश के युवाओं को प्रेरणा देती है उक्त उद्गार मप्र बांस एवं बांस शिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष घनश्याम पिरोनिया ने बुधवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल भांडेर द्वारा आयोजित शहीद-ए-आजम भगतसिंह की जयंती के अवसर पर कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाण्ड़ेर जनपद पंचायत अध्यक्ष बलदाऊ यादव ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी लोगों ने भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर श्री पिरोनिया ने कहा कि आज युवाओं को सरदार भगतसिंह के बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। सरदार भगतसिंह का पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा है। इस अवसर पर विनोद कुशवाहा, राजेंद्र यादव, अतर सिंह यादव, संजय दुबे, आत्माराम पाल, सिमथरा, देशराज यादव, विनय यादव, विनोद यादव, अभिषेक यादव, पवन यादव, मानवेंद्र दांगी आदि उपस्थित रहे।

अकीदत के साथ मनाया गया हजरत पैगंबर मोहम्मद की यौमे पैदाइश का त्योहार ईद मिलादुन्नबी

दतिया/नवप्रदेश। गुरुवार को समूचे जिले में हजरत मोहम्मद पैगम्बर साहब का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर दतिया में जुलूस-ए-मोहम्मदी धूमधाम से निकाला गया। जुलूस में हजारों लोग शामिल हुए। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शहर को विशेष रूप सजाया गया था। मुस्लिम कौम के लोग बीती रात से विशेष इबादत में मशगूल रहे। जुलूस लाला के ताल से शुरू हुआ इसमें घोड़े-बग्गी शामिल थे इसमें आकर्षक झांकियों के साथ मिलाद में कलाम पेश किए गए। जुलूस पटवा तिराहा से टाउन हॉल तिगलिया होता हुआ किला चौक तक पहुंचा। जुलूस का समापन दुआ के बाद किया गया। सुरक्षा को लेकर भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा। पुलिस के अधिकारी लगातार निगरानी करते रहे। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने फूल बरसा कर जुलूस का स्वागत किया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय समेत राजनीतिक दलों के नेता मौजूद रहे।

'मेरी माटी मेरा देश' के तहत आयोजित किया कार्यक्रम

मुरैना/नवप्रदेश। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केन्द्र संगठन मुरैना के उप निर्देशक राकेश सिंह तोमर के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम तथा स्वच्छ भारत अमृत महोत्सव के अंतर्गत सी एम. राइज विद्यालय सबलगढ़, तथा किला परिसर सबलगढ़ में स्वच्छता एवं माटी संग्रहण का कार्य किया गया जिसमे अम्बाह से एन एस एस प्रमुख श्री विजय शर्मा जी, पूर्व स्वयंसेवक शशिकांत मरैया राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक धीरज सिंह जादौन, श्रवण मरैया ग्रामीण आजीविका मिशन से राघवेंद्र सिंह चंदेल स्वच्छ भारत अभियान के ब्लॉक समन्वयक राकेश गिरी गोस्वामी जी,मनोज सिंह,पवन धाकड़, अमन शर्मा शिवकुमार सिंह, शुभम शर्मा एवं बलराम जादौन उपस्थित रहे।

सी-विजिल एप से आयोग रखेगा आचार संहिता के उल्लंघन पर नजर

नागरिक आचार संहिता उल्लंघन के किन्ही भी मामलों की सी-विजिल एप से दे सकेंगे जानकारी

आदर्श चुनाव आचरण संहिता लागू होते ही सक्रिय हो जाएगा एप

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 में आचार संहिता के उल्लंघन की सी-विजिल एप के माध्यम से कोई भी नागरिक जानकारी दे सकेगा। जानकारी मिलते ही आयोग द्वारा उस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 में निर्वाचन संबंधी शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए सी-विजिल मोबाइल एप को तैयार कराया गया है। इस एप के माध्यम से कोई भी नागरिक निर्वाचन में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन संबंधी किसी भी घटना का फोटो-वीडियो तैयार कर अपनी शिकायत भेज सकता है। प्राप्त शिकायत की त्वरित जांच कर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि आचार संहिता के लागू होते ही यह एप सक्रिय हो जाएगा। 100 मिनट के अंदर शिकायत का निराकरण किया जाएगा।

सी-विजिल एप का उपयोग करने के लिए किसी भी नागरिक को सबसे पहले अपने एंड्रायड मोबाइल के प्ले स्टोर या एप्पल मोबाइल के एप स्टोर पर जाकर डाउनलोड करना होगा। कोई भी नागरिक घटनास्थल से 20 मीटर के अंदर से ली गई फोटो अपलोड कर सकता है। 5 मिनट के अंदर किसी भी नागरिक को सी-विजिल एप पर फोटो अपलोड करनी होगी।

ऐसे कार्य करेगा एप-

सी-विजिल एप के माध्यम से शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत सर्वप्रथम जिला शिकायत कंट्रोलर (डीसीसी) के पास जाएगी। इसके बाद जिला शिकायत कंट्रोलर द्वारा यह शिकायत प्रारंभिक जांच उपरांत सही होने पर एफएसटी (फ्लाईंग स्क्वॉड टीम) के पास भेजी जाएगी। जांच टीम द्वारा शिकायत की जांच कर कार्रवाई करने के उपरांत यथा-स्थिति का प्रतिवेदन निराकरण अधिकारी को भेजा जाएगा। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जांच प्रतिवेदन के आधार पर आवश्यक दिशा-निर्देश का प्रतिवेदन संबंधित जांच टीम एफएसटी एवं जिला शिकायत कंट्रोलर को प्राप्त होगा।

पुलिस ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत नगर में निकाला फ्लैग मार्च

कोलारस/नवप्रदेश। मंगलवार की शाम कोलारस पुलिस ने आगामी त्यौहारों एवं सुरक्षा की द्रष्टि से कोलारस नगर में फ्लैग मार्च निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। आगामी त्योहारों, चुनावों और बीते दिनों ग्वालियर में घटित हुई हिंसक घटना को लेकर कोलारस पुलिस विशेष सुरक्षा को लेकर चाक चौबंद नजर आई उल्लेखनीय है कि एसपी रघुवंश सिंह भदौरिया के निर्देशन में एसडीओपी विजय यादव व टीआई जितेंद्र मावई के नेतृत्व में नगर के एबी रोड बस स्टैंड, एबी रोड मानीपुरा, जगतपुर, कोर्ट रोड, इंद्रा कालोनी, जेल कालोनी, रेलवे स्टेशन रोड, संतफार्म, लोधी मोहल्ला, राई रोड़ सदर बाजार आदि मार्गों से निकाले गए फ्लैग मार्च में कोलारस एसडीओपी विजय यादव टीआई जितेंद्र मावई ने असमाजिक तत्वों को ये जताने का प्रयास किया कि वो चुनाव के दौरान गड़बड़ी करने वालों और अराजक तत्वों से निपटने के लिए हर तरह से तैयार हैं। फ्लैग मार्च में बज्र वाहन सहित समस्त अमला फ्लैग मार्च में शामिल था जो एक निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए अति आवश्यक हैं। एसडीओपी विजय यादव और टीआई जितेंद्र मावई की अगुवाई में निकाले गए फ्लैग मार्च में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी शामिल थे एक तरह से चुनाव से पूर्व फ्लैग मार्च के रूप में पुलिस की तैयारी लोगों के आकर्षण और कोतूहल का विषय भी बनी हुई थी। फ्लैग मार्च की कमान संभाल रहे एसडीओपी विजय यादव और टीआई जितेंद्र मावई ने इस दौरान

जनसैलाब के बीच गुप्तेश्वर मंदिर पर स्थापित हुआ 215 किलो का दिव्य त्रिशूल

दतिया/नवप्रदेश। श्री रामराजा सरकार आश्रम चांदला धाम चंदेला टीकमगढ़ के पीठाधीश्वर दिव्य संत भारत मॉ के लाल महाराज ने अपार जन सैलाब के बीच गुप्तेश्वर महादेव मंदिर बड़ोनी में पीतल धातु से बना 215 किलो वजनी दिव्य त्रिशूल की स्थापना की गई। दिव्य त्रिशूल को एक रथ पर सजाकर हजारों महिलाओं ने अपने सिर पर मंगल कलश रखकर ग्यारह सजे धजे घोड़ों के मनमोहन नृत्यों के साथ राम जानकी, महादेव पार्वती, राधाकृष्ण व हनुमान जी की दिव्य मनमोहक झांकीयों के साथ निकली शोभायात्रा में चांदला धाम पीठाधीश्वर संत भारत मॉ के लाल महाराज सिद्ध साध्वी देवी शक्ति मॉ, गुप्तेश्वर महादेव मंदिर के महंत महेंद्र बाबा महाराज की उपस्थित में गाजे बाजे के साथ गल्ला मंडी से किले के नीचे हवेली से होते हुए बस स्टेण्ड, मोदी अस्पताल, झण्डेश्वर मंदिर, बड़ा बाजार, छोटा बाजार, गांधी चौक, बड़ी माता होते हुये गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंच कर स्थापित किया गया। गुप्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महिलाओं ने अपने कलश के जल को महादेव पर अर्पित किया। इस अवसर पर भारत मॉ के लाल महाराज ने शिवलोक की गाथा एवं दिव्य त्रिशूल की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गुप्तेश्वर महादेव मंदिर अनंत दिव्य साधकों का पावन पुनीत प्राचीन दिव्य साधना स्थल रहा हैं।

बुजुर्गों, युवाओं, छोटे बच्चों में भी देखा गया उत्साह

ईद मिलादुन्नबी पर निकले चल समारोह का जगह-जगह हुआ स्वागत

पोरसा/नवप्रदेश । हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुस्लिम समाज के द्वारा हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन मुस्लिम समाज में धूमधाम से मनाया गया,आज जमा मस्जिद पोरसा से एक भव्य शोभा यात्रा जुलूस मुस्लिम भाइयों के साथ निकल गया ,,जिसमें भिन्न-भिन्न तरह की झांकियां विद्वान थी,जिसमे चांद सितारा की झांकी ,काबा शरीफ, मदीना शरीफ, मौला अली का रोजा, गौस पाक का रोजा, ख्वाजा गरीब नवाज का रोजा, छोटा काबा शरीफ का रोजा परिक्रमा करते हुए की झांकी बैंड बाजों के साथ जामा मस्जिद से नागाजी मंदिर रोड, सदर बाजार, अंबा रोड, जोटई रोड, पुरानी बस्ती ,होते हुए जमा मस्जिद पर संपन्न हुई आज सभी मुस्लिम समुदाय के लोगों के घरों में खुशी में मिष्ठान बनाकर मेहमानों को खिलाया गया, एवं घर को दीपावली की तरह सजाया गया, प्रत्येक के घर पर जन्मदिन की खुशी की तरह गुब्बारे भी सजाए गए, चल समारोह का जगह-जगह स्वागत हुआ ,चल समारोह में हाफिज शहीद रजा, यूनिश खां पठान, मोहसिन खान ,अंनबर खां बाबूजी पार्षद, अलताफ खां,अयाज खान,अतीक खां,अब्बू खां पठान, अब्दुल हमीद खां शिक्षक,प्रवल चौहान, अब्दुल हमीद मास्टर

आज लोग साथ चल रहे थे पूर्व मंडी अध्यक्ष नरेश सिंह बाबूजी के यहां चल समारोह का स्वागत किया गया स्वागत में सभी लोगों को स्वल्प हार दिया गया, जामा मस्जिद पर पूर्व जनपद अध्यक्ष मोहन सिंह तोमर एवं हरीश हिंडोलिया के द्वारा जुलूस का स्वागत किया गया एवं पुलिस साथ में चल रही थी,, सुरेश जाटव, आर्यन कौशल, जयप्रताप सिंह तोमर, आदि ने भी जुलूस का स्वागत किया । मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद ए मिलादुन्नबी पर निकले जुलूस में आपसी सद्भाव और देश प्रेम का जज्बा देखने को मिला। मुस्लिम समुदायों द्वारा शहर में अलग अलग स्थानों से निकाले जुलूस में शामिल हजारों की संख्या में लोग इस्लामिक झंडे लहराते हुए चल रहे थे।ईद मिलादुन्नबी पर कस्बे के अलापुर पठान मोहल्ला इमामबाड़ा पुरानी सब्जी मंडी सहित अन्य स्थानों से निकलने वाले जुलूस मिलकर बड़े जुलुस में तब्दील हुआ इसमें स्थानीय मुस्लिम समुदाय के साथ ही आसपास और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी शामिल होते है। इसके चलते गुरुवार को हजारों की संख्या में लोग जुलूस में नज़र आ रहे थे। जुलूस में शामिल मुस्लिम समुदाय के लोग अलग-अलग रंग की पगड़ी पहने हुए चल रहे थे। हाथों में इस्लामिक झंडे तो मुंह पर नार-ए-

संपादकीय

पाकिस्तान को चीन ने दिया एक और झटका

आर्थिक रूप से बदहाल हो चुके पड़ोसी देश पाकिस्तान को चीन ने एक और बड़ा झटका दे दिया है। चीन ने पाकिस्तान के साथ आर्थिक गलियारी के तहत अरबों डालर की ऊर्जा, जल प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने से इंकार कर दिया है। इसकी बड़ी वजह यह बताई गई है कि पाकिस्तान इन दिनो आर्थिक संकट से झूझ रहा है। इसके पहले भी चीन ने पाकिस्तान को और अधिक आर्थिक सहायता देने से अपने हाथ खींच लिए थे। अमेरिका पहले ही पाकिस्तान को खैरात देना बंद कर चुका है। खाड़ी देशों ने भी पाकिस्तान की मदद से किनारा कर दिया है। जाहिर है दिवालिए पन की कगार पर पहुंच चुके पाकिस्तान की आखिर कोई भी देश कब तक मदद कर पाएगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पाकिस्तान को कर्ज मिलना बंद हो चुका है। नतीजतन पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अब बूरी तरह चरमरा गई है। बढ़ती महंगाई ने पाकिस्तान की आवाम का जीना पहले ही मुहाल कर रखा है। लोग वहां दाने दाने को मोहताज हो गए है। ऐसी स्थिति में विश्व बैंक से कर्ज ना मिलने और अमेरिका व चीन जैसे देशों से मदद न मिलने के कारण पाकिस्तान का दिवालिया हो जाना कोई बड़ी बात नहीं होगी। पाकिस्तान की बदहाली के लिए वहां के हुकमरान ही नहीं बल्कि पाकिस्तानी सेना के उच्चाधिकारी भी रहे हैं। जिन्होंने जमकर भ्रष्टाचार किया है। पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों ने स्वीस बैंकों में करोड़ों रुपए जमा कर रखे है और अब वे पाकिस्तान में प्रापर्टी भी बना रहे हैं। पाकिस्तान के हुकमरान भी लंबे समय से बहती गंगा में हाथ धो रहे हैं और भ्रष्टाचार को परवान चढ़ा रहे हैं। यही वजह है कि आर्थिक रूप से पाकिस्तान खोखला होता जा रहा है। जिसके चलते पाकिस्तान में गृहयुद्ध छिड़ने की संभावना है बलवती होती जा रही है। सिंध और बलूचिस्तान सहित पूरे पाक अधिकृत कश्मीर में पाकिस्तानी सरकार और सेना के खिलाफ बगावत के सुर तेज होते जा रहे हैं। वहां तो बकायदा यह नारा लगने लगा कि पाकिस्तान में जो अंधेरगर्दी है उसके पीछे सेना की वर्दी है। पाकिस्तान की बद से बदतर होती स्थिति के कारण वहां अब अफगानिस्तान का भी दखल बढ़ने लगा है। जिस अफगानिस्तान ने तालिबान को पाकिस्तान ने पाला पोशा है आज वहीं तालिबान अफगानिस्तान की सत्ता में काबिज होने के बाद पाकिस्तान के ही एक हिस्से पर अपना कब्जा जमाने की कोशिश कर रहा है। अफगानिस्तानियों के खिलाफ अब पाकिस्तान ने कारवाई का मन बनाया है और उसने पाकिस्तान से लाखों अफगानिस्तानियों को खदेड़ने की योजना बनाई है। पाकिस्तान का आरोप है कि ये अफगानिस्तानी लोग पाकिस्तान में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। पाकिस्तान ने इस मामले में अमेरिका से भी मदद की गुहार लगाई है। पाकिस्तान की नाजुक स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता कि वह अफगानिस्तानी आतंकवादियों से भी अपने बूते पर निपटने में खुद को कमजोर पा रहा है। कैसी विडम्बना है कि जो पाकिस्तान खुद ही आतंकवाद का परियाय रहा है उसे अब आतंकवाद की चिंता सता रही है और इस पर काबू पाने के लिए उसे अमेरिका से सहायता की भीख मांगनी पड़ रही है। सही बात तो यह है कि भारत के साथ पंगा मोल लेकर पाकिस्तान ने खुद अपने हाथों अपनी कब्र खोदी है। आज वह दुनिया में अलग-थलग पड़ चुका है और जब वह आर्थिक रूप से कंगाल हो रहा है तो उसके मित्र देशों ने भी अपने हाथ खींच लिए है। इसके बावजूद पाकिस्तान अपने नापाक इरादों से तौबा करने के लिए तैयार नहीं है। कश्मीर में अशांति फैलाने की उसकी कोशिशें बदस्तुर जारी है। बेहतर होगा कि पाकिस्तान वक्त की नजाकत को पहचाने और अपने नापाक इरादों से

टिकट वितरण से खुद ही हार मान कर बैठ गई बीजेपी

प्रदेश में विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी मिलने के बाद गुरूवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने कहा मन के हारे हार है मन के जीते जीत और भाजपा की टिकट वितरण प्रणाली पर जो सवाल उनकी ही पार्टी में खड़े हो रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि मन से किस तरह से भाजपा ने पहले ही हार मान ली है। इसलिए भाजपा में केंद्र सरकार के मंत्री और सांसदों को टिकट दिया जा रहा है। रागिनी ने कहा कि टिकट वितरण की जो सूची निकल रही हैं, उसमें शिवराज सिंह चौहान का नाम भी नहीं है, कोई प्रोटोकॉल नहीं है। पार्टी में शिवराज सिंह के विरोधियों को टिकट मिल रहा है, इसलिए शिवराज सिंह पहले ही अधिकारियों को विदाई भाषण दे रहे हैं, क्योंकि वे समझ चुके हैं कि अब यह उनकी आखिरी मीटिंग है।

राजेन्द्र कानूनगो

भाजपा शिवराज को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाने से ही कन्नी काट रही है? भाजपा में इतनी अफरा-तफरी मची हुई है, कि भाजपा के पैरों के नीचे अब सियासी जमीन ही नहीं बची है। शिवराज सिंह 18 साल से मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री हैं, लेकिन फिर भी भाजपा उन्हें चुनाव में अपना चेहरा नहीं बनाना चाहती है। नरेन्द्र मोदी कांग्रेस के कार्यों की बात करते हैं, लेकिन शिवराज सिंह चौहान के कामों की बात नहीं करते हैं। क्योंकि उससे उन्हें वोट मिलते दिखाई नहीं दे रहे है। भाजपा ही शिवराज को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाने से कन्नी काट रही है। भाजपा नेता केदारनाथ शुक्ला की टिप्पणी पर कहा कि भाजपा नेत्रियों को शायद ना बुरा लगा हो लेकिन मुझे बुरा लगा है। क्योंकि केदारनाथ शुक्ला ,व्यक्तिगत राजनीति की वजह से भाजपा नेत्री पर सवाल उठा रहे हैं कि वह कैसे टिकट ले कर आ गई है? यह किस प्रकार की डबल मीनिंग की बात वह कर रहे हैं। शुक्ला की बातों पर

भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को आपत्ति ना हो, लेकिन मुझे है, क्योंकि उनका महिला विरोधी कथन भारतीय जनता पार्टी की महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। डबल इंजन की सरकार महिलाओं के नाम पर डबल फेलुअर की सरकार साबित हुई है। उन्होंने कहा कि राजनैतिक टकराहट हो सकती है लेकिन महिलाओं के प्रति ऐसा लांछन न लगाये।

बीजेपी की स्थिति इस समय किंकर्तव्यविमूढ़ की होती जा रही है। बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व निर्णय नहीं कर पा रहा है कि वह मध्य प्रदेश में क्या कुछ ऐसा करें कि जिससे प्रदेश में बीजेपी की सरकार बहुमत के साथ बन जाए। इसलिए वह अनेक प्रकार के प्रयोग करने के लिए बाध्य हो रही है । बड़े-बड़े नेताओं, केंद्र के मंत्रीगण, संगठन के बड़े पदाधिकारी और सांसदों को बीजेपी विधान सभा के टिकट दे रही है। या कहें दे चुकी है । उनमें से कुछ ऐसे हैं या लगभग सभी ऐसे हैं, जो केंद्र के इस फैसले से मन ही मन दुखी हैं । कहीं-कहीं पर तो यह दुख उनकी जुबान से सामने भी आ चुका है। बहरहाल यह कहा जा सकता है कि वर्तमान में 78 सीटों पर भाजपा अपने प्रत्याशियों को सामने ला चुकी है, इसमें यदि कहा जाए तो एक और प्रत्याशी भी जुड़ चुकी है। लेकिन उसके बावजूद अभी बहुत सी सीटों पर निर्णय होना बाकी है और लोगों के चेहरे सामने आना अभी बाकी है। इधर यदि हम देखें तो कांग्रेस मात्रा और मात्र यह इंतजार कर रही है की भाजपा पहले अपनी सीटों की घोषणा कर दे, उसके पश्चात ही उनके प्रत्याशियों को देखते हुए हम अपने प्रत्याशियों के नाम तय करेंगे। लेकिन होना वह है जो जनता चाहती है ।आज के दौर में जनता के मत को, जनता के मन को समझना बड़ा कठिन हो गया है। ऐसा नहीं है कि जनता वह करने लग जाएगी जिससे उसे अपना वोट बीजेपी को ही देना पड़े, यह संभावना भी हो सकती है कि बीजेपी की पिछली बार के चुनाव की स्थिति को देखते हुए हो सकता है कि बीजेपी के मतदाता फिर से कांग्रेस पार्टी को वोट देकर जताए और कांग्रेस पार्टी को किसी प्रकार का आश्चर्य दे कर सत्ता पर काबिज कर दे । अब देखना बड़ा दिलचस्प होगा कि जो कुछ हम देखे जा रहे हैं, उससे तो ऐसा कहीं से भी प्रतीत नहीं होता कि सत्ता की दौड़ में कांग्रेस सफल हो सकेगी । यह पूरी तरह सही तो नहीं कहा जा सकता परंतु संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है । जो संभावनाएं बनेगी या जैसी भी परिस्थितियों निर्मित होगी वह सामने आएंगी ।

राजीव खंडेलवाल

तीन महीने पहले ही मै अपने लेख में लिख चुका हूं कि "गुजरात माडल" मध्य प्रदेश में दोहराया जायेगा। यद्यपि भाजपा हाईकमान चुनाव की घोषणा होने पर स्वप्रेरणा व स्वविवेक से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह सहित कुछ प्रमुख मंत्रियों और वरिष्ठ विधायकों से यह घोषणा करवायेगें कि वे चुनाव नही लड़ेंगे, संगठन का काम करेंगे, तभी पार्टी को सफलता की उम्मीद हो सकती है। क्योंकि पार्टी अब जनता के समक्ष "नेता बदलने के लिए पार्टी बदलने की जरूरत नही है," की नीति पर आगे बढकर जनता को दूसरे भाजपाई नेताओं का विकल्प देने का प्रयास कर रही है। पार्टी ने अपनी चाल चल दी है और शतरंज की बिछायत पर पार्टी द्वारा फेंके गये इन मोहरों में कौन "किंग" बनकर अंततः उभरेगा, निकलेगा, यह देखना दिलचस्प होगा। यह बात सही है कि पार्टी ने "ब्रह्मास्त्र" हथियार निकालकर उसका उपयोग कर लिया है। अब इस ब्रह्मास्त्र के उपयोग/प्रयोग की सफलता पर टिप्पणी तो समय ही कर सकेगा। जनता तो अब राजनीति के खेल के मैदान के चारों तरफबैठकर वोट देने की बारी आने की प्रतिक्षा भर कर रही है। मन शायद बना चुकी है। अंत में भाजपा की चार तोपों को चुनावी मैदान में उतारने की कार्य योजना में सिर्फबुंदेलखंड या लोधी समाज तक सीमित नही, बल्कि संपूर्ण मध्यप्रदेश की हिंदुत्व की सबसे बड़ी चेहरा पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमाश्री भारती जिन्होंने वर्ष 2003 में दिग्विजय सिंह की "बंटाधार सरकार" को सफलतापूर्वक हटाया था, को चुनावी मैदान में न उतार कर कही एक बड़ी गलती तो नही कर दी है? महिला आरक्षण व महिला सशक्तिकरण पर जोर-शोर से कार्य करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति के बावजूद उनके पुरानी मंत्रिमंडल सहयोगी को चुनाव दंगल में न उतारना भी भाजपा के आश्चर्यचकित करने वाला निर्णयों की श्रृंखला का ही भाग हो सकता है। भाजपा नेतृत्व आगे इस गलती को क्या सुधारेगा? यह देखना बड़ा दिलचस्प होगा। क्योंकि एक छोटी सी गलती भी पूरी कार्य योजना को असफल कर सकती है। फिर यह तो एक बड़ी गलती है।

मध्यप्रदेश की 'राजनैतिक पिच' पर भाजपा का दुक्का, तिक्का, छक्का नहीं सत्ते!

चुनाव नजदीक आते-आते मध्यप्रदेश की राजनीति में दिन प्रतिदिन नये-नये नाटकीय और अचंभित करने वाली घटनाएं मोड़ लेते जा रही हैं। मध्यप्रदेश में भाजपा व कांग्रेस के बीच चुनावी मैदान पूर्णतः क्रिकेट के उस मैदान में परिवर्तित हो चुका है, जहां दोनों पार्टियों द्वारा ''बैटिंग और बॉलिंग'' के द्वारा परस्पर एक दूसरे पर हावी होने का प्रयास किया जा रहा है। क्रिकेट में टीम जब भी संकट में होती है, समय कम होता है, तब ''लक्ष्य'' की प्राप्ति के लिए चैके, छक्के मारना बल्लेबाजों की ''मजबूरी'' हो जाती है। यदि बल्ला चल जाता है, तो वह मैच जीत जाता है। विपरीत इसके चौके, छक्के मारने में यदि खिलाड़ी आउट हो जाते हैं, तो टीम हार जाती है। मध्यप्रदेश में दोनों पार्टियों की स्थिति कुछ इसी तरह की है। फिलहाल भाजपा ''बैटिंग पिच'' पर है और सत्ता विरोधी कारक की बॉलिंग जिसमें ''समस्त तीर गुगली'' सहित शामिल है, से निपटने के लिए भाजपा के चैके (जन आशीर्वाद यात्राएं) तथा छक्के (प्रधानमंत्री मोदी की प्रदेश के लगातार दौरे) के बावजूद भाजपा को जीत के लिए सत्ता (सात) लगाना पड़ गया है। भाजपा की परिस्थितिवश यह मजबूरी भी होकर विपक्ष से लेकर मीडिया तक ने भाजपा की इस मजबूरी को उसकी ''कमजोर पहचान'' तक बता दिया है, जिससे सफलतापूर्वक निपटकर भाजपा के लिए एक चुनौती है। जबकि भाजपा के बाबत यह बात प्रसिद्ध है कि वह हमेशा से चुनौती को गंभीरतापूर्वक स्वीकार कर सफलता की ओर जाती है। कांग्रेस की स्थिति इसके ''उलट'' होती है।

शिवराज सिंह की विभिन्न लोक लुभावनी योजना की चुनावी वर्ष में लगातार घोषणाएं होने के बावजूद शिवराज सिंह के चेहरे की सत्ता विरोधी कारक (एंटी इनकंबेंसी) की रिपोर्ट आने से हाईकमान को स्थिति में अपेक्षित सुधार नजर नहीं आ रहा है। वैसे इसे ''सत्ता विरोधी लहर'' की बजाए शिवराज सिंह ''थका हुआ चेहरा'' (थकान, फटीक) लिये हुए है वहीं जनता भी उक्त चेहरे को लगातार देख कर थक चुकी है। जिस प्रकार क्रिकेट में टीम पर देश की इज्जत लगी होती है, इसी प्रकार देश में मोदी के वर्ष 2024 के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के अवसर को सुगमित व सुनिश्चित करने के लिए इस ''सेमीफायनल'' को जीतने का भार मध्यप्रदेश भाजपा जो भाजपा की ''प्रयोगशाला'' रही है, (मॉडल स्टेट) के मजबूत कंधों पर है। इसी कड़ी में एक-एक सीट का महत्व समझते हुए लोकसभा के सात सांसदों जिसमें से चार महत्वपूर्ण कद्दावर नेता, तीन केन्द्रीय मंत्री और एक राष्ट्रीय महासचिव को विधानसभा चुनाव में उतार कर हाईकमान ने छक्का नहीं ''सत्ता (सात)'' मारा है। ''सत्ता के खेल'' में ''छक्के की बजाए सात'' मारना पार्टी की नई ईजाद होकर मजबूरी (शायद) सी बन गई है। यह नया प्रयोग पार्टी को सफलता के निकट पहुंचा देगा, ऐसी उम्मीद पार्टी कर रही है और करनी भी चाहिए। क्योंकि पहली बार भाजपा ने क्षेत्रवार क्षत्रप नेताओं को उभारने का गंभीर प्रयास कर जीत के ''हवन कुंड में उनकी आहुति से हवन की ज्वाला को जलाये रखने'' का प्रयास किया है।

ग्वालियर व चंबल क्षेत्र से नरेन्द्र सिंह तोमर, महाकौशल में प्रहलाद सिंह पटेल, मालवा क्षेत्र से कैलाश विजयवर्गीय, और ''आदिवासी वोट बैंक'' को साधने के लिए फगन सिंह कुलस्ते, इन चारों क्षत्रपों को हाईकमान ने बिना कहे यह संदेश देने का प्रयास किया है कि आप न केवल स्वयं की सीट जीतें, बल्कि अपने-अपने प्रभाव के क्षेत्रों में अधिकतम सीटें लाकर मुख्यमंत्री की कुर्सी के दावेदारों में स्वयं को शामिल कर ले। कांग्रेस में क्षत्रपों की यह राजनीति पुरानी है। कांग्रेस में नेतृत्व चाहे किसी का भी हो, विभिन्न क्षत्रपों को उनके प्रभाव क्षेत्र में टिकट देने की अलिखित परिपाटी, चली आ रही है। परन्तु भाजपा में टिकट का वैसा अधिकार क्षत्रपों को नहीं दिया गया है। हां पहली बार, मुख्यमंत्री का दावा करने का अप्रत्यक्ष अधिकार ज्यादा सीटें जीत कर लाने पर देने का संकेत अवश्य दिया गया है। वैसे यह कहना शायद गलत नहीं होगा कि कांग्रेस द्वारा हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में (राष्ट्रीय अध्यक्ष के वहां से होने के बावजूद) स्थानीय क्षत्रपों को महत्व (विपरीत इसके भाजपा ने उतना महत्व नहीं दिया) और चुनाव लड़ाने की सफल नीति को भाजपा ने मध्य प्रदेश में उतारने का निर्णय लिया और शायद यह निर्णय राजस्थान में भी दोहराया जाए।

देश के किसी राज्य व प्रमुख राजनैतिक पार्टियों के इतिहास में शायद यह पहली बार हुआ है, जब तीन केंद्रीय मंत्री और विश्व की सबसे बडी पार्टी के केंद्रीय महामंत्री को एक साथ चुनावी दंगल में उतारा गया है। इससे इस बात का आकलन किया जा सकता है कि नरेन्द्र मोदी और अमित शाह की जोडी मध्य प्रदेश को जीतने के बारे में कितनी चिंतित, सतर्क और सक्रिय रूप से निरंतर लगी है। इन प्रभावशाली मुख्यमंत्री के दावेदारों, परिणाम देने वाले सिद्ध क्षत्रपों को चुनाव में उतार कर, साथ ही इनकी टिकट की घोषणा के कुछ समय पूर्व संपन्न हुई ''महारैली'' में प्रधानमंत्री द्वारा शिवराज सिंह का एक बार भी नाम न लेना, जबकि अन्य दिवंगत नेताओं के नामों का उल्लेख करना, महिला सशक्तिकरण की बात करते हुए भी शिवराज सिंह की महिलाओं के सशक्तिकरण करने की विभिन्न योजनाएं खासकर ''लाडली बहना योजना'' का उल्लेख न करना, इस बात का स्पष्ट संकेत है कि शिवराज सिंह की ''पारी'' रिटायर्ड हर्ट हुए बिना उन्हें रिटायर कर दिया जाएगा। वैसे हाईकमान ने एक अन्य प्रमुख ग्वालियर चंबल क्षेत्र के ''आयातित'' क्षत्रप केंद्रीय मंत्री महाराजा ज्योतिरादित्य सिंधिया को चारों क्षत्रपों के साथ विधानसभा चुनाव में न उतारकर तीन तरह के संदेश दिए हैं। प्रथमः एक क्षेत्र में एक ही क्षत्रप का नेतृत्व होगा। अर्थात ग्वालियर चंबल संभाग में नरेंद्र सिंह तोमर अकेले (सिंधिया के साथ नहीं) नेता बने रहेंगे। दूसरा संदेश कम, सोच ज्यादा यह रही है कि सिंधिया को चुनावी पिच पर उतारने पर अंतर्कलह व नेतृत्व के मुद्दे पर खींचतान बढ़ जाने से फायदा कम नुकसान ज्यादा होगा। तीसरा महत्वपूर्ण संदेश यह भी हो सकता है कि महाराजा को पार्टी (जनसंघ-संघ-भाजपा) की नियमावली अनुसार उन्हें उनकी उस सीमा के भीतर ही रखा जावे, ताकि वह भविष्य के एक व्यावहारिक भाजपाई रंग में पूर्णतः ढलकर पार्टी के लिए उपयोगी नेता बन सके। यद्यपि उनकी परवरिश तो राजमाता सिंधिया के कारण जनसंघ की ही रही है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1687 - औरंगजेब ने हैदराबाद के गोलकुंडा के किले पर क़ब्जा किया। 1947 - पाकिस्तान और यमन संयुक्त राष्ट्रसंघ में शामिल हुए। 1984 - उत्तरी एवं दक्षिणी कोरिया के बीच 1945 के बाद पहली बार सीमाएँ खोली गईं। 1993 - भारत के महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद में भूकम्प के कारण 10,000 हज़ार से अधिक लोग मारे गए एवं लाखों बेघर हो गए। 2001 - इस्रायल की आतंरिक मंत्रिपरिषद ने फ़िलिस्तीन के साथ हुए समझौते को मंजूरी दी। 2001 - कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माधव राव सिंधिया का निधन। 2002 - पाकिस्तान में कट्टरपंथी मुसलमानों ने एक मंदिर को तोड़ा, चीन ने भारत के साथ स्वेच्छा वार्ता को और सार्थक बनाने की इच्छा व्यक्त की। 2003 - विश्वनाथन आनंद ने विश्व रैपिड शतरंज चैम्पियनशिप जीती। 2004 - चीनी दार्शनिक कन्फ़्यूशियस की 2555वीं जयंती मनाई गयी।

QUIZ TIME

1) हाल ही में मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफइंडिया ने कब नेशनल सिनेमा डे मनाने की घोषणा ?

2) हाल ही में 19वीं एशियाई खेल 2023 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने किसको हराकर गोल्ड मेडल जीता?

3) भारत कौन से गोलार्द्ध में स्थित है?

4) कौन-सा विदेशी यात्री दिल्ली का काजी नियुक्त हुआ था?

5) अभिनेत्री डायने क्रूगर को ज्यूरिख फिल्म फेस्टिवल में किस अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 13 अक्टूबर (2) क्रोएशिया (3) उत्तरी व पूर्वी गोलार्द्ध (4) इलाहाबाद (5) गोल्डन ग्लोब

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -201

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

ऊपर से नीचे

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 200 का हल

ज	द्दो	जे	ह	द	■	स	पू	त
ल	■	ब	ल	वा	न	■	■	द
म	ह	क	■	खा	म	खां	■	बी
ग्न	■	त	ल	ना	■	स	फ	र
■	म	रा	■	■	■	ना	टा	■
■	हि	■	स	■	■	■	फ	न
■	ला	ज	वा	ब	■	म	ट	र
मां	■	ग	■	सं	त	ति	■	भ
■	मा	त	ह	त	■	■	प	क्षी

आज का पंचांग

सूर्योदय:06:22, सूर्यास्तः 06:14, चन्द्रोदय:18:12, अयन दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतुः शरद, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास आश्विन, पक्ष कृष्ण, तिथि प्रतिपदा, नक्षत्र रेवती, योग वृद्धि (20:03 से ध्रुव), प्रथम करण बव (15:26 तक), द्वितीय करण बालव (01:51 तक)।

॥ गोचर ग्रहः ॥

सूर्य -कन्या, चंद्र-मीन, मंगल-कन्या (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध-सिंह (उदित, पश्चिम, वक्री), गुरु-मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र-कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि-कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु -मेष, केतु-तुला।

शुभ यात्रा दिशा

उत्तर-पश्चिम (दहीलस्सी अथवा राई का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण: आज जन्मे शिशुओ का नाम रेवती नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय, एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (दे, दो, चा, ची) नामाक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-दिनचार्य संघर्ष वाली रहेगी। मन किस अरिष्ट की आशंका से व्याकुल रहेगा हानि की सम्भवना के कारण बड़ा कार्य करने से डरेंगे।

वृष- वैसे तो आपके लिये लाभ ही देगा लेकिन आज आपके द्वारा कोई ऐसा काम हो सकता है जिसका पछतावा लंबे समय तक रहेगा।

मिथुन-आज का दिन अनुकूल बना हुआ है जिस भी कार्य मे हाथ डालेंगे उसमे अन्य लोगो की तुलना में शीघ्र सफलता मिल सकती है।

कर्क-आज का दिन धैर्य से बिताने में ही भलाई है। मेहनत करने पर तुरंत लाभ की आशा ना रखें आज किया परिश्रम का फल संध्या बाद से दिखने लगेगा।

सिंह-कार्य में आ रही बाधा के कारण अशान्त रहेगा। शारीरिक सामर्थ्य भी आज कम ही रहेगा।

कन्या-आज भी दिन आपके पक्ष में रहेगा लेकिन आज आपके अंदर समझ की कमी भी रहेगी सही की जगह गलत बातो का समर्थन करना घर अथवा बाहर वैचारिक मतभेद बनाएगा।

तुला- कभी लाभ होता नजर आएगा अगले पल निराश होने पड़ेगा। मनमाना व्यवहार करेंगे इससे आप तो निश्चिन्त रहेंगे।

वृश्चिक-आज के दिन आप पिछली गलतियों से सीख लेंगे। व्यवहार में सुधार करेंगे मीठा बोलकर अपना स्वार्थ सिद्ध कर लेंगे।

धनु-कलह होने की संभावना है आज स्वभाव में नरमी रखना अत्यंत आवश्यक है। आप जल्दी से किसी विवाद में नही पड़ेंगे लेकिन वातावरण ही ऐसा बनेगा।

मकर-आज का दिन आपको कोई नई खुशी देकर जाएगा। धन लाभ उम्मीद ना होने पर भी अकस्मात होगा। कार्यो के प्रति गंभीर रहेंगे।

कुंभ-आज के दिन सुख शांति में वृद्धि होगी लेकिन शरीर मे कोई नया विकार भी बनेगा। आज आप की कार्य गति थोड़ी धीमी रहेगी।

मीन-दिन थोड़ा उतापटक वाला रहेगा। दो कार्यो में भटकने के कारण मनचाही सफलता नही मिल पाएगी।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी, भोपाल अभा कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक की पत्रकार वार्ता

आदिवासी मप्र में सबसे ज्यादा, भाजपा आदिवासी विरोधी क्यों ?

हो पांव में जिसके ताकत तो चल के रहता है, दुश्मन लाख गिराये संभल के रहता है

राहुल गांधी ने 3600 किलोमीटर की यात्रा कर देश को नजदीकी से देखा, उनकी समस्याओं को जाना

कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा जैसे जैसे बढ़ रही है, भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो गई हैं

भाजपा राज में महिलाएं सुरक्षित नही

भोपाल/नवप्रदेश। अभा कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि ''हो पांव में जिसके ताकत वो चल के रहता है, दुश्मन लाख गिराये संभल के रहता है। हो जिस चराग में शिद्दत लाख जलाने की, हवायें, लाख बुझाये वो चल के रहता है।''

उन्होंने अभा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी द्वारा निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कहा कि राहुल गांधी जी 3600 किलोमीटर पैदल चले और उन्होंने ठाना देश की नब्ज को टटोलना है, लोगों की पीड़ा, समस्याओं को खुद व्यक्तिगत रूप से स्वयं महसूस करना है, यात्रा में उन्होंने संदेश दिया कि भारत की विवधता में एकता बहुलता में एकता, गंगा जमुनी तहजीब को जिंदा रखना है। भाजपा और संघ के नफरती फरमान के खिलाफ मोहब्बत की दुकान खोलना है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत को जोड़ते हुये भाईचारे की दुकान खोलना है। और उन्होंने यात्रा के दौरान एक कदम बड़ाया किसानों के इंसाफ के लिए, महिलाओं की सुरक्षा, बेरोजगारी के खिलाफ और लगातार देश की रगो में फैलाये जा रहे नफरत के खिलाफ आवाज उठाने के लिए राहुल गांधी ने यात्रा की।

डॉ. नायक ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा में मैंने स्वयं अपनी आखों से देखा कि लाखों की संख्या में महिला, बच्चे, बुजुर्ग, युवा सभी साथ चले। भारत जोड़ो यात्रा को अगली कड़ी में पहुंचाने का काम कमलनाथ जी और सुरजेवाला जी के नेतृत्व में सात बड़े नेताओं के साथ मप्र में जन आक्रोश यात्रा निकल रही

है, जिसमें प्रदेश के सभी नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है और यह नेता लगातार यात्राओं में शामिल होकर जनता के बीच पहुंच रहे है। यात्रा में जो जनसमर्थन मिल रहा है उससे साफ है कि 150 सीटों के साथ प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। वहीं मप्र में 18 साल की भाजपा सरकार में त्राहिमाम की स्थिति है।

उन्होंने कहा कि जैसे जैसे यात्रा बड़ती जा रही है, भाजपा की उल्टी गिनती शुरू होती जा रही है। कल राहुल गांधी जी कालापीपल के पोलायकला में जनता को संबोधित करेंगे और जनता के सामने सवाल रखेंगे कि 18 साल के कुशासन वाली शिवराज सरकार ने क्या क्या कियाड़ और हम सरकार मे आते हैं तो हम क्या करेंगे यह भी बात राहुल गांधी जी जनता के सामने रखेंगे। उन्होंने कहा कि किसान फसलों की कीमत मांगता है तो शिवराज सिंह जी आप उनके सीने पर गोलियां चलवाते हैं, आदिवासियों के 3.22 लाख पटटे निरस्त करके उन्हें बेदखल क्यों किया, स्कूलों के बच्चों की ड्रेस की राशि क्यों खा गये, आयुष्मान योजना में मृत लोगों तक के पैसे खा गये, 67 हजार से ज्यादा महिलाएं मप्र में गायब हैं, भाजपा सरकार 50 हजार बेटियों की फर्जी शादी दिखाकर उसका पैसा हड़प लेती है। प्रदेश में रोज 18 महिलाओं के साथ बलात्कार हो रहा है। इन सभी सवालों पर शिवराज जी को कटघरें में खड़ा करने के लिए राहुल जी जनता के सामने इन सवालों को रखेंगे।

डॉ. रागिनी नायक ने कहा कि उज्जैन की जो निर्मम घटना हुई उसके जख्म भी अभी भरे नहीं और आज फिर एक खबर कटनी के पहाड़ी नाले में एक आदिवासी युवती की लाश क्षतविक्षत अवस्था में मिली, उसका सिर पत्थर से कुचला गया, उसके साथ बलात्कार की घटना हुई, लाश पर कीड़े पड़ गये थे। परिजन युवती की गुमशुदगी की एफआईआर के लिए तीन दिन तक चक्कर काटते हरे, लेकिन प्रशासन ने पीड़ित परिवार की कोई सुध नहीं ली। अभी कुछ दिन पहले उसकी सगाई हुई थी। शिवराज राज के ऐसे ही कितने ही किस्से बतायें, इनकी लिस्ट बहुत लंबी है। शिवराज सरकार ने मानवता को शर्मसार किया है।

उन्होंने दर्दभरे शायराना लहजे में कहा कि ''राह संघर्ष की हम चुने, कि जिंदगी आंसुओं में नहायी न हो, शाम सहमी न हो रात हो न ढली, भोर की आंख डबडबाई न हो।''

आदिवासियों का जीवन किस तरह भय के साये में बीत रहा है, रात के अंधेर में भी डर लगता है, भीड़ में भी डर लगता है, सुनसान में भी डर लगता है, महिलाएं कैसे जिए अब यह बहुत बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

डॉ. रागिनी नायक ने कहा कि सीधी का पेशाब कांड बहुत पुराना नहीं हुआ, जिसमें भाजपा नेता आदिवासी के मुंह पर पेशाब कर रहा है, आदिवासियों के साथ हो रहे अत्याचार और शोषण की घटनाएं लगातार सामने आ रही है और इन घटनाओं पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। आदिवासी वर्ग के महान टंट्या भील, भीमा नायक की भूमि जिन्होंने यहां जन्म लिया, जिनकी कर्म भूमि रही, पुण्य भूमि रही है और देश में सबसे ज्यादा जनसंख्या मप्र में आदिवासियों की है लेकिन आदिवासियों पर हो रही घटनाओं में मप्र में सबसे अव्वल नबर पर है। उन्होंने कहा कि यह शिवराज सिंह चौहान की सरकार का प्रदेश है जहां भाजपा आदिवासियों को वनवासी कहती है, क्योंकि वह चाहती है, क्योंकि वह वन तक ही सीमित रहें, जंगलों में ही विचरती रहे। जबकि आदिवासी ही जंगलों और वनों का असली मालिक है।

3 दर्जन से अधिक महिला पुरुष भाजपा छोड़ कांग्रेस में हुए शामिल

भैरूंदा/नवप्रदेश। बुदनी के भेरूंदा क्षेत्र के ग्राम बसंतपुर और मंजाखेडी के लगभग 03 दर्जन से अधिक महिला-पुरुष ने ग्राम बसंतपुर में एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा छोड़ कांग्रेस मे सामिल हुए। सभी ग्रामीणो को पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश चन्द्र सेठी द्वारा पुष्प माला व कांग्रेस का स्कार्फ पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। वही ग्रामीणों से चर्चा की, तो ग्रामीणो का कहना हैकि आज हमने कांग्रेस की सदस्यता ली हैं। क्योंकि हमें आज तक भाजपा द्वारा चलाई जा रही, कोई भी योजनाओं का लाभ हमे नहीं मिला है। इसलिए हमने आज पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की रीति- नीति से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ली हैं। बलराम भाई ,मोनू ,देवराज, निर्भय सिंह, ओम, टीकाराम, जितेंदर, दरवार, इसविनायक, हरिराम भाई, गजराज, दरबार नायक, देव लाल, सुनील पर्ते, रामसिंह, छोटू पटेल, शिवा, तिलकराम, पदमसिंह, रसल सिंह बारेला, रसेलसिंह मारेला, निहाल सिंह नायक, विजय सिंह, नायक, भगवान सिंह, कैलाश नायक, इशारा, सावित्री बाई, चिंता बाई, लड़की बाई, जमना बाई, अनीता बाई, लक्ष्मीबाई, जमना बाई, गौरखी बाई, दिशा बाई, के साथ कई ग्राम बसंतपुर एवं मंजाखेड़ी के ग्रामीणो ने भाजपा छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ली। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सूरेशचन्द्र सेठी पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, सन्तोष शर्मा, मोर सिंह राजपूत, पिछड़ा वर्ग ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुशवाह, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मंजू सेठी, सतनारायण तिवारी, भगवान कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

रसोइया की 11 सूत्रो की मांगो को लेकर एवं 4 माह से वेतन नही

खिरकिया/नवप्रदेश।

प्रांतीय महिला स्वः सहायता समूह ने बकाया वेतन सहित 11 सूत्रो की मांगों को लेकर समस्त अधिकारीयो के समक्ष अनिश्चितकालिन हड़ताल चूल्हा बंद कराने के संबंध में सूचना भेजी। और कहा कि यदि उनकी मांगे न मानी गयी तो सभी रसोइया अनिश्चितकालिन से हड़ताल पर रहेंगे। ज्ञात हो मध्यान भोजन बनाने वाली लगभग जिले में 5000 महिलाए है। मध्यान भोजन बनाने वाली महिला सुगना बाई सुनित बाई लक्ष्मीबाई ललिता बाई छाया बाई गिरजा बाई सावित्री बाई सुनीता कोरकू गंगा बाई सरिता बाई पार्वती बाई रामबाई गायत्री बाई सहित अन्य महिलओ ने बताया कि स्व सहायता समूह वा रसोइया बहनों यदि किसी भी प्रकार के अधिकारीयों या शाला प्रबंधक द्वारा सांझा चूल्हा चालू करने के संबंध में दवाब बनाते है तो उसके खिलाफ महासंघ सक्त रहेगा वह उसके खिलाफ प्रदेश स्तरीय मोर्चा खोला जाएगा। हड़ताल की आगामी निर्णय तक प्रदेश के समस्त स्व सहायता समूह रसोईयां हड़ताल पर रहेगें। रसोइया संघ की अध्यक्ष दुर्गा बाई का कहना है कि सरकार रसोइयों से बड़े-बड़े वादे करती है, लेकिन उन्हें पूरा नही करती है। उन्होंने कहा कि परिषदीय और उच्च परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चो को रसोइया जिम्मेदारी से खाना बना कर देती है और उनको जो जिम्मेदारी दी जाती है, उसे निभाती है, लेकिन सरकार रसोइया को बहुत कम वेतन देती है और जो वेतन देती है वह भी समय पर नही देती है। जिससे रसोइया तथा उनका परिवार आर्थिक तंगी से जूझता है। उन्होंने बताया कि जुलाई 2023 से रसोइयों को वेतन नही मिला है। अगर रसोइया का बकाया वेतन का भुगतान जल्द नही किया गया तो रसोइया अनिश्चितकालिन हड़ताल पर रहेगीं।

सार संक्षिप्त

खेलकूद प्रतियोगिता में भैया-बहनों ने फहराया परचम

सुठालिया/नवप्रदेश । विद्याभारती मध्य भारत प्रांत के तत्वधान में दो दिवसीय विभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता राधौगढ़ में आयोजित की गई।जिसमे सरस्वती शिशु उच्च विद्या मंदिर सुठालिया के पांच भैया बहनों ने सहभागिता की उनमें से तीन बहने और एक भैया का प्रांतीय स्तर के लिए चयन हुआ। प्रतिभागी भैया बहन जिनका चयन हुआ हे उनमें बहन सानिया वर्मा हैमर थ्रो प्रथम स्थान ,ट्रिपल जंप प्रथम स्थान ,भला फेक द्वितीय स्थान, बहन सपना विश्वकर्मा डिस्कस थ्रो प्रथम स्थान, लंबी कूद द्वितीय स्थान, बहन वंदना यादव 600 मीटर दौड़ प्रथम स्थान, भैया राजेश लोधी 200 मीटर दौड़ प्रथम स्थान, भैया छोटू लोधी 400 मीटर दौड़ द्वितीय स्थान, ट्रिपल जंप द्वितीय स्थान पर विजय रहे। कोच के रूप में विद्यालय की दीदी पूजा मोंगिया एवं विद्यालय प्राचार्य लोकेंद्र सिंह राजपूत उपस्थित रहे सभी भैया बहनों का चयन होने पर विद्यालय परिवार, समिति परिवार एवं नगर के समस्त नागरिकों ने शुभकामनाएं बधाइयां प्रेषित की।

मां मंशा पूर्ण वैष्णो देवी मंदिर ट्रस्ट के पत्रकार कमल खस अध्यक्ष नियुक्त

ब्यावरा/नवप्रदेश। बुधवार को मां मंशापूर्ण वैष्णो देवी मंदिर ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से ट्रस्ट की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें वरिष्ठ पत्रकार कमल खस को मंदिर ट्रस्ट का अध्यक्ष बनाया गया। वरिष्ठ व्यावसायी विजय अग्रवाल मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष, वरिष्ठ एडवोकेट जितेंद्र जोशी सचिव, तथा पत्रकार राजू यादव सह सचिव बनाए गए। वही ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य दिलीप राजपाल, कैलाश कुशवाह को मंदिर ट्रस्ट का संरक्षक बनाया गया है। बैठक में आगामी नवरात्र महोत्सव तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर ट्रस्ट के संरक्षक पूर्व नपा अध्यक्ष अखिलेश जोशी, ट्रस्टी सदस्य सुभाष पालीवाल योगेश विजयवर्गी शिक्षक मुकेश शर्मा, दिनेश अग्रवाल लड्डू फनीराज मुंदडा काका राजेश अग्रवाल टंकी योगेश विजयवर्गीय दिनेश साहू नरेंद्र चौहान अजय सलूजा अनिल सोनी, लोकेश चौहान जितेंद्र पालीवाल योगु बना हर्ष तोमर जगदीश कुशवाहा देवेंद्र साहू रमेश चंद सोनी आदि सदस्य मौजूद थे!

हनुमंत प्रसाद शर्मा बने जिला अध्यक्ष निकाला विजय जुलूस

रायसेन/नवप्रदेश। नगर में पेंशनर्स एसोसिएशन का चुनाव हुआ,जिसमें हुए मतदान के परिणाम हनुमंत प्रसाद शर्मा के पक्ष में आया और चुनावी प्रक्रिया पूर्ण होने तक स्पष्ट बहुमत मिलने पर पेंशनर्स एसोएिशन के जिलाध्यक्ष हनुमंत प्रसाद शर्मा चुने गए। पंडित नरेश चतुर्वेदी ने बताया की जिला पेंशनर्स एसोसिएशन का चुनाव शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। उनके अध्यक्ष बनने पर नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया पूर्व हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ जी के निवास पर शाल श्रीफल उनका स्वागत किया गया वहीं अरविंद शर्मा के निवास पर स्वागत किया गया

बीएमओ बीनागंज को किया गया सम्मानित

बीनागंज/नवप्रदेश। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीनागंज द्वारा विगत वर्ष में सेफ अबॉर्शन एवं परिवार नियोजन में संपूर्ण मध्य प्रदेश में उल्लेखनीय कार्य करने पर एनएचएम भोपाल द्वारा बीएमओ डॉ शरद यादव पुरस्कृत किया गया। बीएमओ डॉ शरद यादव ने अपनी इस उपलब्धि को मैटरनिटी स्टाफ, फील्ड स्टाफ एवं प्रबंध कीय स्टाफ को समर्पित किया और सभी के संयुक्त प्रयासों से यह कार्य संभव होना बताया स्वास्थ्य विभाग चाचौड़ा अपने हितग्राहियों को बेहतर एवं उच्च स्तरीय सेवाएं प्रदान करने हेतु कटिबद्ध है, उन्होंने कहा कि हमारा एकमात्र उद्देश्य मानव एवं मानवता की सेवा करना है, हम भविष्य में इसी प्रकार बेहतरीन सेवाएं विकासखंड में हितग्राहियों को प्रदान करेंगे यह हमारा संकल्प है।

देवतालाब से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे परिहार

मऊगंज/नवप्रदेश। मऊगंज जिले की देव तालाब विधानसभा क्षेत्र के निवासी अमर सिंह परिहार हमेशा दलितों, पीड़ितों, शोषितों वंचितों के हित में काम करते हैं। क्षेत्र में उनकी काफी लोकप्रियता है। क्षेत्र के लोग चाहते हैं कि परिहार विधायक का चुनाव लड़ें। ऐसे में अमर सिंह परिहार आम आदमी पार्टी या कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। अगर उन्हें टिकट न मिला तो वह देवतालाब विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय ही चुनाव लड़ेंगे।

पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 31वें दिन भी रही जारी

हरदा/नवप्रदेश । राजीव जैन ने बताया की मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट बैठक में जो पटवारियों को भत्ते दिए हैं, वो मात्र छलावा है, प्रदेश के पटवारी अब शिवराज मामा के झांसे में नहीं आने वाले है । पटवारी अपनी वेतनमान की मांग का निराकरण होने तक आंदोलन पर डटे रहेंगे चाहे सरकार कोई भी सितम कर लें।पटवारी संघ के संवाद समिति के अध्यक्ष राजीव जैन ने कहा कि कैबिनेट में घोषित पटवारियों के लिए एग्री स्टेट भत्ता केंद्र की भारत सरकार के एग्री स्टेट जीआईएस रियल क्रॉप सर्वे योजना के तहत कृषि विभाग का कार्य जिसमें कृषि उत्पादों के विपणन कृषि ऋण आदि योजनाएं शामिल हैं की राशि ?3000 पटवारी को देकर काम का अतिरिक्त भार दे रही है, जो की कृषि विभाग का कार्य है जो पटवारी को थमाकर छलावा दिया जा रहा है । इस घोषणा से किस प्रकार आम जनता और किसानों को गुमराह करने व पटवारियों की छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है एवं केन्द्र सरकार का भत्ता जो कि कृषि विभाग को दिया जाना है, कृषि विभाग का काम हम पर थोपा जा रहा है, ये कलाकारी की राजनीति है, पटवारियों की मुख्य मांग वेतनमान, पदोन्नति, समयमान वेतनमान वेतन विसंगति है, जिस पर 30 दिन हड़ताल हो जाने पर भी सुनवाई नहीं हुई । पटवारी संघ की हुई वर्चुअल बैठक में जिलाध्यक्षों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि जब तक वेतनमान के संबंध में आदेश प्रसारित नहीं होंगे हड़ताल जारी रहेगी। प्रदेश के पटवारी सरकार के इस छलावें में नहीं आयेंगे । इसके साथ ही पटवारी शासन की दमनकारी नीति पर अब आंदोलन को और उग्र करेंगे।गौरतलब है कि तहसील शाहपुरा जिला डिंडोरी के पटवारी सोहन साहू विगत सात दिनों से आमरण अनशन पर है। तथा प्रदेश भर में पटवारी क्रमिक भूख हड़ताल कर रहे है ।

'मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत अमृत कलश यात्रा निकालकर किया माटी अक्षत एकत्रित

जीरापुर। मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत शासन निर्देशानुसार प्रदेश में दिनांक 1 सितंबर से 30 सितंबर 2023 तक अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में नगर परिषद जीरापुर द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में ढोल ढमाके के साथ अमृत कलश यात्रा निकाली गई इस यात्रा मे नगर परिषद के कर्मचारी, वार्ड प्रभारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, अमृत कलश के साथ नगर के विभिन्न वार्डों में घर-घर पहुंचकर नगर की माता बहनों व नागरिकों से कलश में मिट्टी,अक्षत एकत्रित किए गए इस दौरान यात्रा में नगर परिषद से रमेश मालवीय, कमल भावसार, जितेंद्र तिवारी, जसवंत सिंह चौहान, राहुल दांगी, राकेश मंडलोई, कृष्णकांत, संदीप नाथ ,विजय गुप्ता, मनोज शर्मा सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल रही।

ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम समाज ने निकाला विशाल जुलूस

धार/नवप्रदेश। ईद मिलादुन्नबी दुनिया भर के मुसलमानो के लिए खास दिन है।इस्लाम के पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के यौमे विलादत, जन्मदिन पर मुस्लिम समाज जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व मानते है। धार मे भी ईद मिलादुन्नबी मुस्लिम समाज ने हर्षो उल्लास के साथ मनाया रबीउल अव्वल की पहली तारीख को चांद नजर आने के बाद 12 दिन तक तकरीर का प्रोग्राम चला जिसमे सीरत कमेटी उटावद दरवाज़ा, बरकाती ग्रुप गुल मोहर कालोनी, एवं इस्लामपुरा मे तकरीर के प्रोग्राम मे देश के मशहूर आलिमों एवं हाफ़िज़ व मौलानाओ ने नबी के जीवन के बारे मे बताया एवं आपकी सुन्नतो पर अमल करने की ताकिद की और उम्मत को दुनिया और आख़िरत की भलाई के लिए नबी की सुन्नत पर अमल करना चाहिए।रबीउल अव्वल की 12 तारीख को सुबह 9 बजे से ओलमाये इकराम के नेतृत्व मे जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलुस परम्परागत मार्ग भाजी बाजार से शुरू होकर पिंजार वाड़ी, मोहन टाकीज, हटवाड़ा पीपली बाजार राजबाड़ा, नालछा दरवाजा, बस स्टेण्ड, मुरादपुरा होते हुए वापस भाजी बाजार मे समाप्त हुआ जुलुस का रास्ते भर जगह जगह स्टेज लगाकर इमामो, हफ़िज़ो, आलिमों मौलानाओ,शहर काजी,और समाज के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ लोगो का साफा व पुष्प हार से स्वागत किया गया एवं जगह जगह तबरूक

प्रथम पृष्ठ का शेष

मेनका गांधी को इस्कॉन ...

की टिप्पणी पर इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने कहा है कि सांसद की टिप्पणी बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। उनके बयान से दुनिया भर में हमारे भक्त आहत हैं। इस्कॉन उनके खिलाफ 100 करोड़ रुपये की मानहानि के मामले में कानूनी कार्रवाई करने जा रही है। राधारमण दास ने कहा कि हमने मेनका गांधी को नोटिस भेजा है। उन्होंने कहा कि एक सांसद, एक पूर्व केंद्रीय मंत्री, इतने बड़े समाज के खिलाफ बिना किसी सबूत के झूठ कैसे बोल सकती हैं?

मेनका का वीडियो वायरल होने के बाद इस्कॉन की ओर से आरोपों का खंडन किया गया। इस संबंध में पत्र जारी कर इस्कॉन ने कहा कि संगठन न केवल भारत, बल्कि दुनिया भर में गाय- बैल की रक्षा एवं देखभाल में लगा रहा है। हमारे यहां गाय और बैलों की जीवन भर सेवा की जाती है। कसाइयों को हाथों बेचने के आरोप बिल्कुल गलत हैं। इस्कॉन के प्रवक्ता युधिष्ठिर गोविंद दास ने कहा कि मेनका गांधी आंध्र प्रदेश के अनंतपुर की गोशाला के बारे में कह रही हैं। वहां 250 से ज्यादा ऐसी गायें हैं, जो दूध नहीं देतीं। वहां सैकड़ों बछड़े भी हैं। मेनका के आरोप झूठे और निराधार हैं।

मणिपुर में जारी...

कहा था कि राज्य में जारी हिंसा के दौरान आगजनी के जरिए 386 धार्मिक संरचनाओं को नष्ट कर दिया गया है। पुलिस ने कहा, इनमें से 254 चर्च और 132 मंदिर थे। ये धार्मिक संरचनाएं आगजनी के 5,132 दर्ज मामलों में से थीं।

सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर में हिंसा के मानवीय पहलुओं को देखने के लिए जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की पूर्व मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति नियुक्त की थी। समिति में बॉम्बे हाई कोर्ट की पूर्व जज शालिनी पी जोशी और दिल्ली हाई कोर्ट की पूर्व जज आशा मेनन भी शामिल हैं।

हरदा होगा शत-प्रतिशत सिंचित

की लागत के विकास कार्य कराये जायेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान हरदा में किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री दिनेश शर्मा, किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल, वन मंत्री कुँवर विजय शाह, सांसद श्री दुर्गादास उइके, स्थानीय विधायक, नगरीय निकायों एवं पंचायतों के प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ÷अपना कमल%% नामक पुस्तिका का विमोचन किया तथा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितलाभ भी वितरित किये।

जन-कल्याण के कार्यों के लिये पैसे की कमी नहीं आने दी

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज हरदा की धरती पर नया इतिहास बना है। आज एक संकल्प और सपना साकार हुआ है। हरदा शत-प्रतिशत सिंचित जिला होने जा रहा है। हमारी सरकार ने प्रदेश में विकास और जन-कल्याण के कार्यों के लिये कभी पैसे की कमी नहीं आने दी। स?कें, पुल, पुलिया, स्कूल, अस्पताल, सीएम राइज स्कूल, आईटीआई के माध्यम से लोगों की जिंदगी बदलने के अभियान में हम निरंतर सक्रिय हैं। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, किसानों को कर्ज के भार से मुक्त करने के लिये 2 हजार 200 करो? का ब्याज सरकार द्वारा भरा गया। फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों के लिये 20 हजार करो? से अधिक का बीमा दावा भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया गया। पिछले 3 साल में किसानों के खातों में 2 लाख 84 हजार करो? रूपये के हितलाभ अंतरित किये गये हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के रूप में 6 हजार रूपये प्रतिवर्ष 2-2 हजार रूपये की किश्त के रूप में जारी करने की व्यवस्था की। इसी प्रकार मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत भी 6 हजार रूपये किसानों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की सभी योजनाओं का आदर्श क्रियान्वयन मध्यप्रदेश में सुनिश्चित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश की माटी की पूजा और प्रदेशवासियों की सेवा मेरे जीवन का मिशन है। गरीब की जिंदगी बदलने के लिये प्रदेश में चल रहे अभियान के अंतर्गत रोटी, कप?ा, मकान, प?ाई, दवाई और रोजगार के इंतजाम के लिये हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। रहने की जमीन का टुक?ा हर गरीब को मिले, इसके लिये अभियान चल रहा है। पीएम आवास और आवास प्लस में छूटे व्यक्तियों को मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराये जायेंगे। गरीब व्यक्ति बिना आवास और रहवासी जमीन के पट्टे के नहीं रहेगा। स्वास्थ्य सुविधा के लिये प्रदेश में 3 करो? 61 लाख आयुष्मान कार्ड जारी किये गये हैं। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो, इसके लिये सीएम राइज स्कूल बनाये जा रहे हैं। गरीब और किसान के बच्चों को भी प्रायवेट स्कूलों से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिये इन स्कूलों में प्रयोगशाला, लायब्रेरी, खेल मैदान, स्मार्ट क्लॉस, स्कूल लाने-ले जाने के लिये बस सुविधा आदि उपलब्ध कराने की व्यवस्था है।

सट्टा खेलते 6 आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। जुआ-सट्टा के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई। थाना मुंगेली द्वारा जुआ खेल रहे आरोपी जगदीश तिवारी एवं 4 अन्य के कब्जे से राशि 16400 रूपये जप्त कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। सट्टा खेल रहे 1 आरोपी के विरूद्ध भी थाना मुंगेली द्वारा कार्यवाही कर 1000 रूपये की जब्त की गई। जिले में अवैध गतिविधियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना मुंगेली द्वारा मुखबिरों की सूचना पर ग्राम चिरहूला में दबिश देकर जुआ खेल रहे कुल 5 आरोपी जगदीश तिवारी, शंकर श्रीवास, सहदेव यादव, शिवराज बरेठ एवं रंजन जोशी के कब्जे से 16400 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार बालानी चैक में सट्टा खेल रहे आरोपी राजू कश्यप के कब्जे से 1000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना मुंगेली द्वारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई है।

स्कूटी व ट्रक के पार्ट्स चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। दो दुकान का ताला तोड़ कर लोहे का सामान व दो पहिया वाहन की चोरी अज्ञात चोर ने कर ली। शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन युवक को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया। कोतवाली के पीछे निवासरत मामन चंद अग्रवाल 61 साल ने पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि टीपी नगर बाइपास रोड में एरन ट्रेडर्स नामक आटो पार्ट्स दुकान का संचालन करते हैं। 26-27 सितंबर की रात अज्ञात व्यक्ति ने दुकान का ताला तोड़कर एक पुराने ट्रक का कमानी पट्टा और लोहे का कछुआ पार्ट्स को चोरी कर लिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी सीएसईबी ने धारा 457, 380 के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। इसी तरह संजय प्रधान 38 वर्ष निवासी अमरैईया पारा ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराया कि टीपी नगर बाइपास रोड में केरला होटल के पास बीएल इंजीनियरिंग नामक दुकान का संचालन करते है। 26 व 27 सितंबर की रात दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात व्यक्ति ने स्कूटी क्रमांक सीजी 12 एएम 1531 को चोरी कर ली। इस मामले में भी पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। एक ही रात में दो स्थान पर चोरी होने से पुलिस भी चिंतित हो उठी। दोनों मामले की जांच करने के साथ ही मुखबिरों को भी सतर्क किया गया। इस दौरान पुलिस ने सूचना मिलने पर शेख असलम 26 वर्ष निवासी संजय नगर तालाब पारा, आकाश चौहान उर्फ मोटू 19 वर्ष निवासी ग्राम सरगबुंदिया, हाल मुकाम शारदा विहार अटल आवास क्रमांक 13 चौकी मानिकपुर तथा ओम प्रकाश पटेल उर्फ राजा 22 साल निवासी महावीर चौक 15 ब्लाक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस पर तीनों युवकों ने चोरी करना स्वीकार किया। उन्होंने स्कूटी व ट्रक में इस्तेमाल होने वाला पुराना कमानी पट्टा एक एवं लोहे का पार्ट्स कछुआ को चोरी करना बताया। उनके निशान देही पर स्कूटी व चोरी का सामान बरामद किया गया। वैधानिक कार्रवाई उपरांत न्यायिक रिमांड पर तीनों आरोपितों को न्यायालय पेश कर जिला जेल कोरबा दाखिल कर दिया गया।

दो गुटों में विवाद, चाकू मारकर युवक की हत्या

कोरबा/नवप्रदेश। अनंत चतुर्दशी के दौरान गणेश विसर्जन करने जा रहे युवकों के दो गुट में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर एक गुट ने चाकू से हमला कर दिया। घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नाराज बस्तीवासियों ने कोरबा-दर्री मार्ग में चक्काजाम कर दिया। आरोपितों को गिरफ्तार करने के आश्वासन के बाद देर रात आंदोलन समाप्त हुआ। शहर में दोपहर से गणेश विसर्जन का दौर शुरू हो गया था। समितियों द्वारा डीजे, बाजा गाजा के साथ निकले और नहर व नदी में भगवान गणेश का विसर्जन करते रहे। इसी दौरान ढोंढीपारा में विराजित भगवान गणेश को लेकर समिति के पदाधिकारी व बस्तीवासी भी विसर्जन करने जा रहा था। सीएसईबी पुलिस चौकी अंतर्गत स्कूलपारा कोहड़िया के पास अन्य स्थान से तीन समितियां भी विसर्जन करने जा रही है। इसी दौरान युवकों के दो गुट में किसी बात को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। जो बढ़ गया और दोनों पक्ष के मध्य जमकर मारपीट हुई। इसी बीच एक युवक पर कुछ लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना में युवक को गंभीर रूप से चोट लगी, उसे बचाने आए एक अन्य युवक भी घायल हो गया। इसके साथ ही स्थल पर भगदड़ मच गई। आनन फानन में उपस्थित लोगों ने दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां एक युवक की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त हरीश कुमार के रूप में हुई, वहीं घायल का नाम भूपेंद्र बताया जा रहा है, जिसका उपचार अस्पताल में चल रहा है। दोनों बरपारा कोहड़िया के निवासी हैं। हमला करने के बाद सभी युवक भाग गए। घटना की जानकारी जैसे ही बरपारा कोहड़िया में पहुंची, वैसे ही लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया और काफी संख्या में बस्तीवासी ढोंढीपारा के पास पहुंच गए और कोरबा. दर्री मार्ग में चक्काजाम कर दिए। घटना की जानकारी मिलते ही सीएसईबी पुलिस स्थल पर पहुंची और समझाइश देना शुरू की। पुलिस ने आश्वस्त किया कि मामले में दोषी सभी आरोपितों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

एकाएक चक्काजाम से वाहनों की लगी कतार

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा. दर्री मार्ग में एकाएक चक्काजाम किए जाने से वाहनों के कतार लग गई। दर्री से कोरबा आने व जाने वालों को लोग रास्ते में फंस गए। बस्तीवासियों ने बड़े वाहन के साथ ही छोटे वाहनों की भी आवाजाही रोक दी। कल शाम होने की वजह से मार्ग में काफी भीड़ थी। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग मार्ग बदल कर तुलसीनगर, राताखार होते हुए दर्री के लिए रवाना हुए। आंदोलन खत्म होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

सामाजिक बहिष्कार करना मानव अधिकारों का हनन है : डॉ किरणमयी नायक

जांजगीर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य श्रीमती अर्चना उपाध्याय ने आज कलेक्टर सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज 228 वीं व जिला स्तर पर 08 वीं सुनवाई हुई। जांजगीर जिले में आयोजित जनसुनवाई में कुल 32 प्रकरण रखे गये। जिनमें 06 केस में सुनवाई की गयी, 09 केस नस्तीबद्ध किये गये, 02 केस की सुनवाई रायपुर में की जावेगी। सामाजिक बहिष्कार संबंधी मामले में महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना उपाध्याय तथा सखी सेंटर की केन्द्र प्रशासक तथा प्रोटेक्शन आफिसर श्रीमती अनुपमा सिंह कवंर को जिम्मेदारी दी गयी कि आवेदिका के गांव मे औचक निरीक्षक कर स्थिति स्पष्ट करने का आदेश दिया गया। अन्य मामले में पति-पत्नी का साथ जीवन यापन करना संभव नहीं है। आपसी राजीनामा से तलाक लेना चाहते हैं। आपसी तलाक हेतु उपयुक्त सलाह एवं वकील देने हेतु सखी सेन्टर को निर्देशित किया गया। एक अन्य मामले में दोनों पक्षों को सुना गया

जिसमे आवेदिका के पिता ने पामगढ़ थाने में धारा 363 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराया था उसके पश्चात आवेदिका के द्वारा 354घ, 509क आईपीसी के तहत थाना जांजगीर में प्रकरण दर्ज करायी गयी। चूंकि दो दो मामले पुलिस के विवेचना में आ चुके हैं इसलिए प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य मामलों में प्रकरण न्यायालयों में प्रक्रियाधीन होने के कारण प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक ने आज जांजगीर में महिला आयोग के संभाग स्तरीय कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया।

आरक्षक पर ग्रामीण से 10 हजार की अवैध वसूली का फिर लगा आरोप

ग्रामीण ने शिवरीनारायण थाने मे पदस्थ आरक्षक के खिलाफ कार्रवाई करने की रखी मांग

जांजगीर/नवप्रदेश। लगातार शिकायतों के बाद भी जिले के ग्रामीण क्षेत्रो मे बेखौफ़ अवैध शराब बिक्री हो रही है, वही थानो मे पदस्थ आरक्षक अवैध वसूली के मालामाल हो रहे है। आरक्षक ग्रामीणों को बड़ी कार्रवाई का धौष दिखाकर अवैध वसूली कर रहे है, जबकि शराब तस्करो से रूपये लेकर उनके खिलाफ जमानती धाराओ मे एफआईआर दर्ज कर उन्हें खुली छुट दे रहे है। ऐसा ही मामला शिवरीनारायण थाने का एक आरक्षक का वीडियो तेजी से सोशल मिडिया मे वायरल हो रहा है जिसमें पीड़ित पक्ष ने अपनी दुख भरी कहानी का बताते नजर आ रहा है। पीड़ित शिवरीनारायण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुरयारी का रहने वाला वाला युवक देवचंद कुर्रे पिता भागुराम कुर्रे ने बताया कि 4 सितंबर को उसके घर शिवरीनारायण थाना स्टाफ पहुँचे और उसके घर की तलाशी ली गई, लेकिन तलाशी के दौरान उसके घर में कुछ भी अवैध मादक पदार्थ नहीं मिला, मगर उनमें में से एक आरक्षक सोनू श्रीकांत ने उसे पकड़ा और उसे थाना आने का निर्देश दिया गया।

पीड़ित देवचंद कुर्रे शिवरीनारायण थाना पहुंचा फिर उसको बस स्टैंड पान ठेला के पास बुलाया और उस पर अवैध शराब बेचने का आरोप लगाते हुए झूठे मामले मे फसा कर जेल भेज देने की धमकी भी दी गई। साथ ही आरक्षक ने उससे मामला रफादफा करने के 20 हजार रूपये की मांग की गई। पीड़ित देवचंद कुर्रे ने आरक्षक के सामने गिड़गिड़ाने लगा कि मैं गरीब आदमी इतना सारा पैसा कहां से लाऊंगा, पीड़ित के बहुत गिड़गिड़ाने पर आरक्षक ने आखिरकार मोलभाव करते हुए उससे 10 हजार रूपये मांगे और रूपये देकर चुपचाप घर लौट जाने को कहा।

पीड़ित देवचंद कुर्रे ने जेल जाने की डर से दस हजार दिया। रूपये मिलने के बाद आरक्षक ने उसे छोड़ दिया और पीड़ित देवचंद घर वापस लौट आया। शिवरीनारायण थाने में पदस्थ आरक्षको का हौसले बुलंद है यहां लगातार शिकायत के बाद भी आरक्षकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। शिवरीनारायण थाने में आरक्षक सोनू श्रीकांत की तीसरी बार तैनाती हुई है, जिसकी वजह से क्षेत्र में उसकी अच्छी खासी पकड़ हो चुकी है।

शराब तस्करों का गढ बन रहा शिवरीनारायण क्षेत्र

जांजगीर चांपा जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र महुआ शराब तस्करो का गढ माना जाता है यहां खुले आम शराब तस्कर अवैध शराब की बिक्री करते है। यहां के पुलिस पर लगातार आरोप लग रहा है। यहां के आरक्षक से लेकर बडे अधिकारी के तक शराब तस्करो की सेटिंग बनी हुई है यहां के शराब तस्करो से पुलिस महिना बांध कर उनको संरक्षण देने का काम कर रही है । शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के प्रत्येक गांव मे शराब तस्कर सक्रिय होकर अपने अवैध कारोबार को पुलिस के संरक्षण मे दिन ब दिन बढा रहे है जिससे क्षेत्र का माहौल काफी खराब होता दिखाई दे रहा है।

कुछ दिन पूर्व शिकायत मिलने पर सम्भवत पीड़ित व्यक्ति के घर तलाशी ली गईं थी, मगर उसके घर से कुछ नहीं मिलने पर पुलिस की टीम वापस लौट आई थी। कुछ दिन पूर्व पीड़ित व्यक्ति का अपने गांव के ही किसी अन्य व्यक्ति से वाद विवाद हुआ था, दोनों पक्ष के लोग शिकायत लेकर थाने पहुचे थे, जिन्हे समझाया भी गया था। रूपये लेने की जानकारी नहीं है।
-अशोक द्विवेदी
टीआई, शिवरीनारायण

शिवरीनारायण थाने मे आरक्षक द्वारा रूपये लेने की शिकायत नहीं मिली है। पीड़ित व्यक्ति शिकायत कर सकता है। शिकायत मिलने पर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी।
-यदुमणी सिदार
एसडीओपी, चाम्पा

कोरबा जिले की आशा आजाद तीन राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित

कोरबा/नवप्रदेश। गत दिवस फरिदाबाद, एनसीआर दिल्ली में मैंजिक बुक आफ आर्ट यूनिवर्सिटी, भारत सरकार द्वारा पंजीकृत संस्था से श्रीमती आशा आजाद सहायक प्राध्यापक भूगर्भ शास्त्र, शाइविस्ना महा.कोरबा, मानिकपुर कोरबा निवासी को राष्ट्रीय मानद उपाधि, बेस्ट ऑथर अवार्ड एवं राष्ट्रीय एपीजे अब्दुल कलाम अवार्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से प्रारंभ किया गया। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ राज्य की बेटियाँ आशा आजाद एवं सुकमोती चौहान जी को इस मंच से मानद उपाधि अवार्ड उनके अनूठे ग्रंथ छत्तीसगढ़ सम्पूर्ण दर्शन जिसके लिए उन्हें पूर्व में ही गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड से दो अचीवमेंट प्राप्त हो चुका है, जिसके उल्लेखनीय कार्य के लिए उन्हें डाक्ट्रेट मानद उपाधि, मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी से प्रदान किया गया है और साथ ही छत्तीसगढ़ की इन दोनों बेटियों नें मैंजिक एण्ड आर्ट यूनिवर्सिटी से डाक्ट्रेट की मानद उपाधि के साथ साथ बेस्ट ऑथर अवार्ड पाने वाली छत्तीसगढ़ की पहिली महिला के रूप में अपना नाम दर्ज कर लिया है। इस सम्मान समारोह में डॉ छबिराम पटेल, प्रधानपाठक, पिथौरा छत्तीसगढ़ को भी डाक्ट्रेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि डॉ प्रतिभा शर्मा एड्वोकेट डीईटी, जो लोक अदालत मथुरा की स्थायी सदस्य हैं एवं महिला बालविकास में 100 से अधिक अचीवर्स पुरस्कृत है, मसीहा सम्मान, महिला शक्ति सम्मान जैसे अनेकों अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित हुई है। कार्यक्रम का उद्घाटन इनके करकमलों से किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय कपूर डायरेक्टर ब्रिज मेडिकल कन्सल्टिंग प्रालिएफार्मर डायरेक्टर आसी,आई लेक्चरर एसारसीसीडीयू विभू बत्रा सीए गुड़गांव, सोसल वर्कर श्रीमती चंद्रकांता भदौरिया एड्वोकेट श्रीमती उषा रानी गाँधी चीफ वार्डन, वूमन हास्टल रेड क्रास फरीदाबाद नवीन गौतम प्रोड्यूसर, इंटरनेशनल डाक्यूमेंट्री, हरीश शर्मा इंजीनियर, प्रोड्यूसर, इंटरनेशनल डाक्यूमेंट्री की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। डॉ प्रतिभा शर्मा ने अपने उद्बोधन में अपने ब्रज भाषा से शुरुआत करते हुए कहा कि जब हम अपनी संस्कृति को लेकर साथ चलते हैं तो ये हमारी असली पहचान होती है, उन्होंने कहा कि सभी अविर्डियों ने देशहित ध्येय से कार्य करते हुए देश का नाम रौशन किया है एवं और डॉ आशा आजाद डॉ सुकमोती चौहान जी ने अपने राज्य की पारंपरिक वेषभूषा में यह डाक्ट्रेट की उपाधि लेकर अपनी संस्कृति का पूर्ण सम्मान किया है।

मुस्लिम समाज ने ईद मिलादुन्नबी पेगम्बर इस्लाम का मनाया जन्म दिन, निकला जुलूस

कोरबा/नवप्रदेश। जश्ने ईद मिलादुन्नबी पेगम्बर इस्लाम का जन्म दिन पर रजगामार क्षेत्र में जुलूस निकाला गया। जिसकी शुरुआत मस्जिद गरीब नवाज रजगामार से शुरू होकर फिल्टर चौक होते हुए मदरसा मदीना ओमपुर पहुंची। इसके बाद गायत्री नगर, प्रेम नगर, मेन क्लब, गुरु घासीदास चौक होते हुए में रोड से मस्जिद गरीब नवाज में जुलूस का समापन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में रजगामार के मुस्लिम भाइयों ने बढ़.चढ़कर के भाग लिया और बड़े उत्साह के साथ जुलूस निकाल कर जश्ने ईद मिलादुन्नबी पेगम्बर इस्लाम का जन्म दिन को याद किया। इस मौके पर समाज के लोगों ने जन्मदिन मनाया गया। इमाम मोहम्मद शमशीर राही इमाम ओमपुर मोहम्मद सरफराज, मोहम्मद उमर कुरैशी सदर अब्दुल कादिर, सेक्रेटरी मोहम्मद असलम सरफराज, यासीन खान, ओमपुर सदर मोहम्मद अब्दुल रहमान, ओमपुर सेक्रेटरी असगर अली ओमपुर एवं सदस्य में उस्मान कुरैशी, इरफान कुरैशी, सुलेमान, शाहिद खान, शरीफ अंसारी, शेख

इस्माइल, मोहम्मद ताज ने भी भाग लिया। साथ ही सत आधार जन उत्थान सेवा समिति गिरोधपुरी शाखा के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार कुर्रे रजगामार ने भी मुस्लिम भाइयों को मुबारकबाद दिया और जुलूस में भी मुस्लिम भाइयों के साथ चल करके जुलूस में भाग लिया। इस दौरान लोगों के लिए शरबत एवं मिठाई का भी वितरण किया गया। इस अवसर में सभी लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद देकर पैगंबर को याद किया।

ईद मिलादुन्नबी पर धर्मगुरू अलाउद्दीन की उपस्थिति में निकला जुलूसः- ईदमिलादुन्नबी पर मरकजी सीरत कमेटी द्वारा आमंत्रित धर्म गुरू हजरत सैय्यद अलाउद्दीन अशरफी कचोछासरीफ की उपस्थिति में जुलूस निकाला गया। शहर के निहारिका स्थित नूरी मस्जिद से शुरू होकर टीपी नगर होते हुए जुलूस पुराना बस स्टैंड से पुरानी बस्ती स्थित मदीना मस्जिद में हुई। जुलूस का पुराना बस स्टैंड में इतवारी बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष अनीश मेमन के नेतृत्व में पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ से धर्म गुरू हजरत सैय्यद अलाउद्दीन अशरफी का स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर राज किशोर प्रसादए शहर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी सपना चौहान, भुनेश्वर राज, गीता महंत आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में अनीश मेमन द्वारा जुलूस का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया और साथ ही उपस्थित सभी आवाम को चाकलेट वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में फरहान मेमन, शकील, अंकु खान, असलम, सोहेल मेमन, शेख मेमन, कलीम खान, समीर खान, मो अशरफ विजय सोनी, धरमवीर सोनी, बच्चू मखानी, बन्नी पाहुजा, प्रदीप चेतवानी का सराहनीय योगदान रहा।

अब इतवारी से कोरबा तक चलेगी शिवनाथ एक्सप्रेस

कोरबा/नवप्रदेश। लंबे अरसे से अधूरी चल रही गेवरा रोड. कोरबा. इतवारी पैसेंजर कम एक्सप्रेस अब वापस कोरबा आएगी। रेल प्रबंधन ने इतवारी. बिलासपुर एक्सप्रेस का परिचालन कोरबा तक विस्तार कर दिया। शुक्रवार को पहली बार ट्रेन इतवारी से कोरबा पहुंचेगी। इससे बिलासपुर से सुबह एक ट्रेन की सुविधा यात्रियों को मिलने लगेगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन द्वारा कोरबा वासियों की मांग पर बिलासपुर. इतवारी एक्सप्रेस का विस्तार कोरबा. गेवरा रोड़ तक कर दिया गया था, पर वापसी में यह ट्रेन बिलासपुर में आकर रूक जाती था। इससे इतवारी से आने वाले यात्रियों को बिलासपुर में दूसरी ट्रेन में सफर करना पड़ता था। इससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लंबे अरसे से क्षेत्रवासी इस ट्रेन को पूर्ण से कोरबा से चलाने की मांग कर रहे थे। आखिरकार रेल प्रबंधन ने 16 साल बाद इसे मंजूरी दे दी। इसके साथ शुक्रवार को सुबह बिलासपुर तक आने वाली शिवनाथ एक्सप्रेस अब कोरबा तक आएगी। इससे इतवारी से सीधे कोरबा तक यात्रियों को सुविधा मिल जाएगी। साथ ही बिलासपुर में अमरकंटक व सारनाथ एक्सप्रेस से आने वाले यात्रियों को अब 7.35 बजे तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। शिवनाथ में सवार होकर यात्री कोरबा पहुंचने में सुविधा मिलेगी। उधर शिवनाथ एक्सप्रेस के कोरबा तक आने से यात्रियों को जहां बड़ी राहत मिलने वाली है, वहीं दोपहर 2.50 बजे स्पेशल पैसेंजर बनकर कोरबा आने वाली गाड़ी को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।शिवनाथ एक्सप्रेस बिलासपुर में समाप्त होने के बाद दोपहर में स्पेशल पैसेंजर बनकर कोरबा आ रही थी। इससे दोपहर में यात्रियों को ट्रेन में सफर करने मिल रहा था। शिवनाथ एक्सप्रेस इतवारी से रात 11.55 बजे छूट कर बिलासपुर सुबह 7.05 बजे पहुंचती है। इसे कोरबा तक विस्तार करने पर यह ट्रेन बिलासपुर में 10 मिनट रूकने के बाद 7.15 बजे कोरबा के लिए रवाना होगा। जो 7.40 बजे अकलतरा पहुंच 7.42 बजे छूट कर नैला 7.55 बजे पहुंचेगी। यहां से 7.57 बजे छूटकर चांपा 8.10 बजे पहुंच कर 8.12 बजे रवाना होगी।

भाकपा ने की रायगढ़ इंटरसिटी समेत अन्य एक्सप्रेस ट्रेने चलाने की मांग

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा-रायगढ़ इंटरसिटी समेत विभिन्न ट्रेन चलाने की मांग करते हुए भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी भाकपा जिला परिषद कोरबा ने ज्ञापन सौंपा। रेलमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपे पत्र में प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि कोरबा जिला इंडस्ट्रियल क्षेत्र हैए जहां भारत के अलग-अलग क्षेत्र से आकर यहां लोग विभिन्न कंपनियों में काम करते है एवं व्यवसाय के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। उन्हें अपने पैतृक स्थान पर जाने के लिए ट्रेनों की पर्याप्त सुविधा न होने के कारण काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। भाकपा सचिव ने पवन कुमार वर्मा कहा कि कोरबा क्षेत्र में एशिया का सबसे बड़ी कोयले की खान है पूरे भारत वर्ष में 75 से 80 प्रतिशत तक कोयले की आपूर्ति की जाती है। इसके साथ ही एल्युमिनियम व बिजली का सर्वाधिक उत्पादन होता है। कोरबा क्षेत्र के लोगों को यात्री ट्रेनों से वंचित रहना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि कोरबा के आम जनता को आज तक कांग्रेस और भाजपा दोनों ने छला है। वरिष्ठ ने एनके दास ने कहा कि कोरबा में बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, मध्य प्रदेश एवं अन्य राज्यों के लोग रहते हैं पर कोरबा से सिर्फ साउथ के लिए तीन गाड़ियां है। दिल्ली जाने के लिए एक गाड़ी है, जबकि अन्य क्षेत्र के लिए एक भी गाड़ी नहीं है। सुनील सिंह ने कहा कि सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व देने के बाद भी ट्रेन के लिए जनता को भटकना पड़ता है। मनीष नाग ने कहा कि केंद्र सरकार से मांग है कि कोरबा से हर राज्यों के लिए ट्रेन चलाई जाए। जिला सचिव वर्मा ने कहा की अगर यह मांग पूरी नहीं होती आम जनता को यात्री ट्रेनों की सुविधा नहीं मिलती तो आगे चलकर एक जन आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर एसके प्रसाद, राममूर्ति दुबे, मुकेश यादव, अविनाश सिंह, दुर्गेश कुशवाहा उपस्थित रहे।

बैकुण्ठपुर में सी.टी. स्कैन की सुविधा से जरूरतमंद हो रहे लाभान्वित

'महंगे शुल्क से मिली छुटकारा, रियायती दर पर हो रही है जांच'

कोरिया/नवप्रदेश। विगत पौने पांच बरस में राज्य सरकार स्वास्थ्य अधोसरंचना के विकास पर जोर दिया है तो गांव व आदिवासी सुदूर अंचल में रहने वाले लोगों को रियायती व निशुल्क जांच, इलाज की सुविधा भी मुहैया कराने में कोई कसर नहीं छोड़े हैं। इसी कड़ी में जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में सी.टी. स्कैन की सुविधा मिलने से स्थानीय व आसपास के मरीजों को काफी लाभ मिलने लगा है।

स्थानीय लोगों द्वारा जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा के लिए लगातार मांग की जा रही थी। जिला प्रशासन ने आम लोगों की जरूरत और भावनाओं के ध्यान रखते हुए तत्काल यह सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। बता दें सीटी स्कैन मशीन के सूचारू एवं सफल संचालन के लिए पॉवर बैकअप अंतर्गत डीजी सेट (जैनरेटर) की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। साउथ ईस्टर्न कोल फिल्डस लिमिटेड (एस.ई.सी.एल.) के द्वारा सी. एस. आर. मद से जिला चिकित्सालय, बैकुण्ठपुर में सीटी स्कैन मशीन की अनुपलब्धता के कारण गंभीर बीमारियों के आकलन में कठिनाई की आवश्यकता के आधार पर 64 स्लाईस सीटी स्कैन मशीन की स्थापना हेतु जून 2021 में 3

करोड़ 59 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई थी।एस.ई.सी.एल. बिलासपुर द्वारा जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में सी.एस.आर मद के तहत सीटी स्कैन मशीन स्थापित करने हेतु नियम एवं शर्तों के अनुरूप क्रय समिति का गठन किया गया था। क्रय समिति के तकनीकी सदस्यों के अनुमोदन उपरांत छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉपोरेशन लिमिटेड से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने के उपरांत छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार क्रय नियम 2002 (यथा संशोधित 2022) नियमों का पालन करते हुए जेम के माध्यम से उपकरण क्रय करने की प्रक्रिया पूर्ण की गई थी।

उक्त सीटी स्कैन के संचालन हेतु दो रेडियोग्राफर का प्रशिक्षण मेडिकल कॉलेज एवं डी.के.एस. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर में कराया गया है। सीटी स्कैन का रिर्पोटिंग रेडियोलॉजिस्ट के द्वारा टेली रेडियोलॉजी के माध्यम से कराया जा रहा है। स्थापित सीटी स्कैन मशीन के साथ तीन वर्ष का वॉरंटी के अतिरिक्त तीन साल का सी.एम.सी. की सुविधा भी है, जिससे मशीन में यदि कोई भी तकनीकी दिक्कत आने से तत्काल समय-सीमा में उपकरण सहित सुधार कार्य कराया जा सके। विदित हो कि जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में स्थापित सीटी स्कैन मशीन भारत सरकार परमाणु ऊर्जा नियामक परिसर विकिरण संरक्षा प्रभाग (एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड, रेडियोलॉजिकल सेफ्टी डिवीजन) से अनुमोदित है।

टूर्नामेंट के छठे दिन टेनिस में सिल्वर समेत 6 मेडल; अब तक कुल 32 पदक

भारत को एशियाड शूटिंग में 2 गोल्ड, 3 सिल्वर

हांगझोउ। 19वें एशियन गेम्स में आज छठवें दिन भारत ने अब तक 7 मेडल जीत लिए हैं। चीन के हांगझोउ में शुक्रवार को भारत के शूटर्स का शानदार प्रदर्शन रहा। शूटर्स ने आज 2 गोल्ड और 3 सिल्वर जीते। वहीं टेनिस में रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी ने मेंस डब्ल्स में सिल्वर जीता, जबकि स्क्वॉश में भारतीय विमेंस टीम को ब्रॉन्ज मेडल मिला।

इसके साथ ही भारत के 32 मेडल हो गए हैं। इनमें 8 गोल्ड, 12 सिल्वर और 12 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारत मेडल टैली में चौथे नंबर पर आ गया है। चीन 173 मेडल्स के साथ पहले, साउथ कोरिया 88 के साथ दूसरे और जापान 82 के साथ तीसरे स्थान पर है। 10 मीटर एयर

पिस्टल महिला टीम इवेंट में भारत को छठे दिन का पहला मेडल दिलाया। ईशा सिंह, पलक और दिव्या ने 1731 स्कोर कर सिल्वर जीता। इस इवेंट में चीन की टीम टॉप पर रही। चीनी टीम ने 1736 स्कोर कर गोल्ड जीता। वहीं चीनी ताइपे की टीम ने 1723 स्कोर कर ब्रॉन्ज मेडल जीता।

50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में मेंस टीम ने भारत को 7वां गोल्ड दिलाया। ऐश्वर्य प्रताप सिंह, अखिल शिरोन और स्वप्निल सुरेश ने 1769 स्कोर कर गोल्ड जीता। यह शूटिंग में भारत का पांचवां गोल्ड है। इस इवेंट में चीन की टीम ने 1763 स्कोर कर सिल्वर और साउथ कोरिया ने 1748 स्कोर कर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। 10 मीटर एयर पिस्टल विमेंस टीम इवेंट में दिव्या, ईशा सिंह और पलक ने सिल्वर मेडल जीता।

10 मीटर एयर पिस्टल इंडिविजुअल में भारतीय महिला शूटरों ने दो मेडल जीते। पलक ने 242.1 स्कोर कर गोल्ड मेडल जीता, जबकि ईशा सिंह ने 239.7 स्कोर कर सिल्वर मेडल जीता। इस इवेंट में पाकिस्तान की किश्माला तलत ने 218.2 स्कोर कर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।

टेनिस- मेंस डब्ल्स में सिल्वर

टेनिस में आज भारत को मेंस डब्ल्स में सिल्वर मेडल मिला। भारत जोड़ी साकेत माइनेनी और रामकुमार रामनाथन को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। दोनों को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चीनी ताइपे के जेसन और यू-हसिउ ने साकेत और रामकुमार को 6-4,6-4 से हराया। इसके अलावा, मिक्स्ड डबल्स कैटेगरी में रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले की जोड़ी फाइनल में पहुंच गई है। सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की अएचएसयू यू-हसिउचान और हाओ-चिंग जोड़ी को 2-1 से हराया।

स्क्वॉश- भारतीय विमेंस टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीता

भारतीय विमेंस टीम को हॉन्ग कॉन्ग से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही भारतीय विमेंस टीम को ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा। जबकि मेंस टीम मलेशिया का सामना करेगी। स्विमिंग- अद्वैत पागे फाइनल में अद्वैत पागे ने स्विमिंग मेंस 200 मीटर बैकस्ट्रोक में फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिए है। उन्होनें 2-03.01 मिनट में क्वालिफाई किया। साउथ कोरिया और हॉन्ग कॉन्ग के साथ फाइनल्स में भिड़ेंगे। इसी के साथ स्विमिंग मेंस 200 मीटर बटरफ्लाई में फाइनल के लिए साजन प्रकाश ने भी क्वालिफाई किया है। एथलेटिक्स के 20 किमी वॉक रेस में भारतीय पुरुष और महिला एथलीट मेडल से चूक गए। प्रियंका गोस्वामी एक घंटे, 43 मिनट और सात सेकंड के समय के साथ पांचवें स्थान रहीं।

एशियाड: भारतीय फुटबॉल टीम का सफर समाप्त, सऊदी अरब ने 2-0 से हराया

हांगझोऊ। हांगझोऊ एशियाई खेलों में भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का सफर समाप्त हो गया है। प्री-क्वार्टर फाइनल यानी राउंड ऑफ-16 के मैच में सऊदी अरब ने भारत को 2-0 से हरा दिया। सऊदी अरब के लिए मोहम्मद खलील मार्रान ने दोनों गोल दागे। इससे पहले भारतीय महिला फुटबॉल टीम ग्रुप राउंड से ही बाहर हो गई थी। पहले हाफ में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं थीं। सऊदी अरब की टीम ने शुरुआती 45 मिनट में कई काउंटर अटैक किए, लेकिन भारतीय डिफेंस के आगे उनकी एक न चली। भारतीय टीम ने पहले हाफ में शानदार प्रदर्शन किया।

दूसरे हाफ में सऊदी अरब ने दो गोल दागे

दूसरे हाफ में 51वें मिनट में सऊदी अरब के मोहम्मद खलील मार्रान ने अल शबात के शानदार क्रॉस पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो स्टाइल में हेडर से गोल दागा और अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। इसके बाद 57वें मिनट में भी मार्रान ने शानदार स्किल दिखाते हुए मैच का और अपना दूसरा गोल दागा।

वर्ल्ड कप का ओपनिंग मैच नहीं खेलेंगे कीवी कप्तान, अभी पूरी तरह फिट नहीं

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन वनडे वर्ल्ड कप 2023 के पहले मैच में नहीं खेलेंगे। मौजूदा रनर-अप न्यूजीलैंड का पहला मुकाबला 5 अक्टूबर को डिफेंडिंग चैम्पियन इंग्लैंड से होगा। इसी मैच से वर्ल्ड कप का आगाज होगा। कीवी टीम के मुख्य कैच गैरी स्टीड ने जानकारी दी है कि चोट से उबर रहे विलियमसन इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेलेंगे। हालांकि, वह इससे पहले वॉर्म-अप मैचों में हिस्सा लेंगे।

न्यूजीलैंड को वर्ल्ड कप से पहले 2 वॉर्म-अप मैच खेलने हैं। टीम शुक्रवार यानी आज पाकिस्तान के खिलाफ हैदराबाद में अपना पहला वार्म-अप मैच खेलेगी, जिसमें विलियमसन सिर्फ बैटिंग करते हुए दिखेंगे। वहीं न्यूजीलैंड को सोमवार (2 अक्टूबर) को साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरा वॉर्म -अप मैच खेलना है, उसमें विलियमसन फील्डिंग भी करते हुए नजर आएंगे।

विलियमसन ने अप्रैल में कराई थी सर्जरी

आईपीएल 2023 के पहले मुकाबले (31 मार्च 2023) में चेन्नई सुपर किंग्स (ष्टस्च) के खिलाफ बाउंड्री लाइन पर कैच लेने की कोशिश में विलियमसन चोटिल हो गए थे। उनके दाएं घुटने में चोट लगी थी। इसके बाद वो पूरे लीग से बाहर हो गए थे। लीग से बाहर होने के बाद विलियमसन न्यूजीलैंड लौट गए और अप्रैल में उनकी सर्जरी हुई। ढ्ढक्क के इस सीजन में वो गुजरात टाइटन्स टीम के हिस्सा थे। केन विलियमसन (कप्तान), ट्रेंट बोल्ट, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम (उपकप्तान, विकेटकीपर), डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी और विल यंग।

एशियन गेम्स में नीरज चोपड़ा पर नजर

जो मेडल जीत चुका, उन्हें फिर से हासिल करना चाहता हूं

पानीपत। एशियन गेम्स 2023 में देश के गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा भी हिस्सा ले रहे हैं। नीरज चोपड़ा से सभी को अब की बार फिर गोल्ड मेडल की उम्मीद है। 2018 में जकार्ता में हुए एशियन गेम्स में नीरज चोपड़ा पहले ही देश को गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। अब की बार भी नीरज ने परिजनों को गोल्ड मेडल देने का वादा किया है। नीरज चोपड़ा 4 अक्टूबर को एशियन गेम्स में जैवलीन थ्रो इवेंट में हिस्सा लेंगे।

नीरज चोपड़ा के चाचा भीम चोपड़ा ने बताया कि 2 दिन पहले ही नीरज से बात हुई थी उन्होंने बताया कि वह गेम के लिए पूर्ण

रूप से तैयार है। इस बार भी वह देशवासियों की उम्मीद पर खरा उतरेंगे और देश को गोल्ड मेडल जरूर दिलाएंगे। नीरज ने फोन पर बताया था कि वह एक बार फिर से अपने जीती गई चैंपियनशिप मेडल श्रृंखला को दोबारा दोहराना चाहते हैं। वह जो मेडल जीत चुके हैं, उन्हें फिर से एक बार हासिल करना हैं।

ईरानी कप: हनुमा विहारी रेस्ट ऑफ इंडिया और उनादकट सौराष्ट्र के कप्तान

नई दिल्ली। इस साल ईरानी कप का मैच सौराष्ट्र और रेस्ट ऑफ इंडिया के बीच खेला जाएगा। इसके लिए दोनों टीमों के स्क्वाड की घोषणा की जा चुकी है। हनुमा विहारी को रेस्ट ऑफ इंडिया की कप्तानी सौंपी गई है। बता दें ईरानी कप मैच 1 अक्टूबर से राजकोट में खेला जाएगा।

अभिमन्यू ईश्वरन टाइफाइड की वजह से रेस्ट ऑफ इंडिया टीम में जगह नहीं बना पाए। ईश्वरन ने इस रणजी सीजन में 798 रन बनाए थे। वहीं इस रणजी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले जलज सक्सेना को भी टीम में जगह नहीं मिली है। इंडिया ए के खिलाड़ी एशियन गेम्स में व्यस्त

होने के कारण रेस्ट ऑफ इंडिया टीम में यंगस्टर्स को मौका दिया गया है। यश धुल, रोहन कुन्नुमल को टीम में जगह दी गई है।

ईरानी कप मैच सीजन की रणजी विजेता टीम और रेस्ट ऑफ इंडिया के बीच खेला जाता है। यह टेस्ट फॉर्मेट मैच होता है जो उन्हीं नियमों के हिसाब से 5 दिन तक चलता है।

सौराष्ट्र ने जीता था रणजी खिताब

इस साल फरवरी में सौराष्ट्र ने बंगाल को 9 विकेट से हराकर रणजी का खिताब अपने नाम किया था। सौराष्ट्र ने दूसरी बार रणजी ट्राफी जीता थी। रेस्ट ऑफ इंडिया- हनुमा विहारी(कप्तान), के.एस. भरत, मयंक अग्रवाल, यश धुल, शम्स मुलानी, साई सुदर्शन, सरफराज खान, पुल्कित नारंग, सौरभ कुमार, यश दयाल, नवदीप सैनी, विद्वत कवेरप्पा, अकाश दीप, रोहन कुन्नुमल, ध्रव जुरेल। जयदेव उनादकट (कप्तान), चेतेश्वर पुजारा, शेल्डन जैक्सन, अर्पित वसवाड़ा।

सालार और डंकी की टक्कर तय, 22 दिसंबर को ही रिलीज होगी

'सालार' की रिलीज डेट कन्फर्म कर दी गई है। होम्बले फिल्म्स ने ट्विटर पर लिखा 'सालार पार्ट 1 - सीजफायर' 22 दिसंबर, 2023 को वर्ल्डवाइड रिलीज की जाएगी। कन्फर्मेशन के पहले तक ऐसा माना जा रहा था कि फिल्म 22 दिसंबर को रिलीज होगी। अब फिल्म की रिलीज डेट कन्फर्म कर दी गई है। इसी दिन शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' भी रिलीज होगी। दोनों बड़ी फिल्मों का क्लैश होना तय है।

होम्बले फिल्म्स की सालार में न केवल सुपरस्टार प्रभास हैं, बल्कि पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन और जगपति बाबू सहित कई शानदार कलाकार भी हैं। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने कहा फैंस के बीच लड़ाई-झगड़े का माहौल बन सकता है अब इन दोनों बड़ी फिल्मों के क्लैश होने पर ट्रेड्स पर क्या असर पड़ेगा, यह जानने के लिए दैनिक भास्कर ने कई एक्सपर्ट्स से बात की। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने कहा कि सालार और डंकी के साथ में रिलीज होने से दोनों फिल्मों को नुकसान होगा। तरण ने कहा कि दोनों प्रोडक्शन हाउस को बैठ कर इस पर सोचना चाहिए कि कैसे इस क्लैश को टाला जाए।

एक और ट्रेड एनालिस्ट अक्षय राठी के मुताबिक, क्लैश होने की दशा में दोनों फिल्मों को 100 करोड़ से ज्यादा का नुकसान होगा। हमने साउथ बेस्ड ट्रेड एक्सपर्ट रमेश बाला से भी बात की। रमेश ने कहा कि हिस्ट्री फिर रिपीट हो रही है। एक वक्त पर जीरो और च्रत्रस्न का क्लैश हुआ था. जिसमें जीरो का बुरा हाल हुआ था। रमेश को उम्मीद है कि डंकी का हाल जीरो जैसा नहीं होगा। मुंबई के गेयटी गैलेक्सी थिएटर के मालिक और मशहूर एग्जिबिटर मनोज देसाई ने कहा कि दोनों फिल्मों के प्रोड्यूसर्स को ईगो छोड़ आपस में बातचीत कर रास्ता निकालना चाहिए।

बिजनेस

जालान कालरॉक कंसोर्टियम ने 350 करोड़ रुपए का पेमेंट किया, 2019 से बंद है एयरलाइन

2024 में शुरू हो सकती है जेट एयरवेज

मुंबई। साल 2019 से बंद पड़ी एयरलाइन जेट एयरवेज अगले साल यानी 2024 से शुरू हो सकती है। जालान कालरॉक कंसोर्टियम (छ्वयष्ट) ने शुक्रवार 29 सितंबर को बताया कि उसने एयरलाइन के रिवाइवल के लिए 100 करोड़ रुपए का अतिरिक्त निवेश पूरा कर लिया है।

इस निवेश के साथ, छ्वयष्ट ने एयरलाइन का कंट्रोल लेने के लिए कोर्ट की ओर से अप्रूव किए गए 350 करोड़ रुपए के फाइनेंशियल कमिटमेंट को पूरा कर दिया है। छ्वयष्ट ने कहा कि वो 2024 तक एयरलाइन शुरू करना चाहती है। लॉन्च डेट की घोषणा आने वाले हफ्तों में होगी।

नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल ने 28 अगस्त को जालान कालरॉक कंसोर्टियम को अपने ऋणदाताओं को 350 करोड़ रुपए का पेमेंट करने के लिए अतिरिक्त समय दिया था। जेकेसी को पूरा पेमेंट 30 सितंबर तक करना था। 4 अक्टूबर को इस मामले की सुनवाई होगी।

अप्रैल 2019 से बंद है जेट एयरवेज

जेट एयरवेज एक समय भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट एयरलाइंस में से एक थी और एयरलाइन को साउथ एशियन नेशन की सबसे बड़ी प्राइवेट एयरलाइन का दर्जा हासिल था। फिर, कर्ज में दबे होने के कारण जेट एयरवेज 17 अप्रैल 2019 में ग्राउंडेड हो गई थी।

नरेश गोयल ने की थी जेट एयरवेज की शुरुआत

1990 के दशक की शुरुआत में टिकटिंग एजेंट से एंटरप्रेन्योर बने नरेश गोयल ने जेट एयरवेज इंडिया लिमिटेड की शुरुआत कर लोगों को एअर इंडिया का ऑल्टरनेटिव दिया था। एक वक्त जेट के पास कुल 120 प्लेन थे और वो लीडिंग एयरलाइन में से एक हुआ करती थी। दि जॉय ऑफ फ्लाइंग टैग लाइन वाली कंपनी जब पीक पर थी तो हर रोज 650 फ्लाइट्स का ऑपरेशन करती थी। जब कंपनी बंद हुई तो उसके पास केवल 16 प्लेन रह गए थे। मार्च 2019 तक कंपनी का घाटा 5,535.75 करोड़ रुपए का हो चुका था।

जालान कालरॉक ने 2021 में बोली जीती थी

जून 2021 में नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल के बैंकरप्सी रिजॉल्यूशन प्रोसेस के तहत जालान???- ?कालरॉक कंसोर्टियम ने जेट एयरवेज की बोली जीत ली। इसके बाद से जेट के रिवाइवल की प्रोसेस चल रही है, लेकिन अब तक एयरलाइन शुरू नहीं हो पाई है। ये कंसोर्टियम मुरारी लाल जालान और कालरॉक कैपिटल की जॉइंट कंपनी है। जालान एक दुबई बेस्ड बिजनेसमैन हैं। वहीं कालरॉक कैपिटल मैनेजमेंट लिमिटेड फाइनेंशियल एडवाइजरी और ऑल्टरनेटिव एसेट मैनेजमेंट के क्षेत्र में काम करने वाली लंदन बेस्ड ग्लोबल फर्म है।

मॉडर्न आउटफिट में दिखेंगे एअर इंडिया के 10,000 कर्मचारी

एअर इंडिया ने नई यूनिफॉर्म्स डिजाइन करने के लिए सेलिब्रिटी फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के साथ पार्टनरशिप की है। मनीष मल्होत्रा एयरलाइन के केबिन क्रू, कॉकपिट क्रू, ग्राउंड और सिक्योरिटी स्टाफ समेत 10,000 से ज्यादा एम्प्लॉइज के लिए नई यूनिफॉर्म्स डिजाइन करेंगे। एयरलाइन ने गुरुवार (28 सितंबर) को इसकी जानकारी दी। एयरलाइन ने प्रेस रिलीज में कहा कि एअर इंडिया के चल रहे मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के हिस्से के रूप में यह उसका न्यू ग्लोबल ब्रांड आइडेंटिटी को दर्शाने में एक और कदम है। एअर इंडिया को उम्मीद है कि 2023 के आखिरी तक एम्पलॉइज नई यूनिफॉर्म्स में नजर आने लगेंगे। एयरलाइन ने कहा कि मनीष मल्होत्रा और उनकी टीम ने एअर इंडिया के फ्रंटलाइन एम्प्लॉइज से मिलना शुरू कर दिया है। एम्प्लॉइज की जरूरतों

को बेहतर ढंग से समझने के लिए उनके साथ चर्चा और फिटिंग सेशन आयोजित किए जा रहे हैं। मनीष मल्होत्रा भारत समेत दुनिया भर के-लिस्ट सेलिब्रिटीज के लिए ड्रेस डिजाइन करते हैं। उन्होंने नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में ग्रेट इंडियन म्यूजिकल के लिए भी 1300 कॉस्ट्यूम डिजाइन की थी। जब एक शो के लिए अमेरिकन सिंगर और डांसर माइकल जैक्सन मुंबई आए तो उनके लिए मनीष मल्होत्रा से आउटफिट डिजाइन करने के लिए कहा गया था।

इंडियन ऑयल और एआईसीएफ ने दूसरे परिवर्तन ऑनलाइन प्रिज़न शतरंज टूर्नामेंट 2023 की सफलतापूर्वक मेजबानी की

मुंबई। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (इंडियन ऑयल) ने अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के साथ साझेदारी में, 26 और 27 सितंबर को परिवर्तन - प्रिज़न टू प्राइड ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। इस उल्लेखनीय कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिसमें भारत भर की 21 जेलों से 23 टीमों में 90 कैदियों ने भाग लिया। इन टीमों में से 18 ने ओपन वर्ग में, तीन ने युवा वर्ग में और दो ने महिला वर्ग में भाग लिया, जो कैदियों के जीवन में खेल की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रदर्शन करता है। इंटरकांटिनेंटल ऑनलाइन प्रिज़न शतरंज 2023 के लिए क्वालीफाई करने वाली टीमें प्रभावशाली हैं। पुणे, भुवनेश्वर और बैंगलोर ओपन श्रेणी में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि दिल्ली जूनियर और भोपाल जूनियर युवा श्रेणी में युवा ऊर्जा और प्रतिभा लाएंगे। अंत में, महिला वर्ग में भोपाल जुवेनाइल महिला शतरंज उत्साही लोगों के समर्पण और क्षमता को प्रदर्शित करता है। यह प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय आयोजन 11 से 13 अक्टूबर, 2023 तक होने वाला है और ये टीमें खेल के प्रति अपनी क्षमताओं और जुनून का प्रदर्शन करते हुए वैश्विक शतरंज मंच पर अपनी छाप छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

नाबार्ड ने जारी किया देश का पहला सामाजिक बॉन्ड

नई दिल्ली। नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (नाबार्ड) ने शुक्रवार को देश का पहला सामाजिक बॉन्ड शेयर बाजार में सूचीबद्ध किया। इस बॉन्ड के जरिए नाबार्ड ने बाजार से हजार करोड़ रुपये जुटाए। नाबार्ड के बॉन्ड को शुक्रवार को बीएसई पर सूचीबद्ध किया गया, जिसमें 7.63 प्रतिशत की कूपन दर पर 1040 रुपये की बोलियां स्वीकार की गई। इसका मतलब ये है कि नाबार्ड के बॉन्ड पर सालाना 7.63 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा। नाबार्ड के चेयरमैन शाजी केवी ने यह जानकारी दी। सामाजिक बॉन्ड एक निश्चित आय प्रतिभूतियां हैं।

राहत : गिरावट के बावजूद 17 देशों की मुद्राओं के मुकाबले रुपये का प्रदर्शन सबसे बेहतर

नई दिल्ली। डॉलर की तुलना में लगातार गिरावट के बावजूद रुपये का प्रदर्शन 17 देशों की मुद्राओं के मुकाबले बेहतर रहा है।?बैंक ऑफ बड़ौदा के मुताबिक, सितंबर में 17 देशों की तुलना में रुपये में सबसे कम 0.62 फीसदी गिरावट आई है।?मैक्सिको की मुद्रा में सर्वाधिक 4.80 फीसदी गिरावट रही।?

रिपोर्ट के अनुसार, डॉलर की तुलना में ताईवानी मुद्रा 1.21 फीसदी कमजोर हुई। मलेशियाई मुद्रा 1.46 फीसदी टूट गई। सिंगापुर डॉलर में 1.52 फीसदी गिरावट आई तो ऑस्ट्रेलिया की मुद्रा 1.74 फीसदी और दक्षिण अफ्रीका की मुद्रा 1.78त्न गिर गई।

ब्राजीलियन रीयल 2.15त्न टूटी जबकि इंडोनेशिया की मुद्रा में 2.18 फीसदी गिरावट आई। तुर्किश लिरा में 2.29 फीसदी व कोरियाई मुद्रा में 2.39त्न गिरावट सितंबर में दर्ज की गई है। हालांकि, प्रमुख देशों में सिर्फ हांगकांग की मुद्रा ही 0.10 फीसदी मजबूत हुई है।

गिरावट क्यों और क्या होगा असर

रुपया में गिरावट मूल रूप से डॉलर के मजबूत होने, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने के कारण हो रही है। यह आगे भी जारी रह सकती है, क्योंकि कच्चा तेल इस समय 95 डॉलर प्रति बैरल के पार हो चुका है और इसमें लगातार वृद्धि हो रही है। इसका असर यह होगा कि विदेशों में खर्च करना या पढ़ाई करना महंगा हो जाएगा। आयातित वस्तुएं महंगी होंगी और निर्यात की जाने वाली वस्तुओं की ज्यादा कीमतें मिलेंगी।

लोगों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का लक्ष्य - सीएम चौहान

जिनके पास रहने की जमीन नहीं है उन्हें जमीन का पट्टा दिया जायेगा

बाढ़ से हुए नुकसान का होगा सर्वे

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने खरगोन में 3673 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति बिना जमीन का नहीं रहेगा। जिनके पास रहने की जमीन नहीं है उन्हें जमीन का पट्टा देकर मालिक बनाया जाएगा। हमारी सरकार ने किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण देने की व्यवस्था की है। किसानों को केन्द्र और प्रदेश सरकार मिलकर 01 साल में 12 हजार रुपये दे रही है। किसानों की सुविधा के लिए ट्रांसफार्मर अनुदान पर रखने की योजना प्रारंभ की जा रही है।

मुख्यमंत्री चौहान आज खरगोन में किसान एवं लाड़ली बहना सम्मेलन में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने खरगोन जिले के 3673 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। उन्होने कहा कि जनता की सेवा के लिए सरकार के पास बजट की कोई कमी नहीं है। सरकार आम जनता की जिंदगी बदलने के लिए प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना बनाकर सरकार ने महिलाओं की जिंदगी बदलने का काम किया है। शादी नहीं होने कारण जो बहनें इस योजना में छूट गई है उन्हें भी इसका लाभ दिलाया जाएगा। इस योजना से माह की 10 तारीख को लाड़ली बहना दिवस बना दिया है और बहनें हर माह इस तारीख का इंतजार करती है। अभी इस योजना में 1250 रुपये की राशि दी जा रही है। इसे बढ़ाकर 03 हजार रुपये तक किया जाएगा। हमारा लक्ष्य बहनों की आमदनी स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 10 हजार रुपये प्रतिमाह करने का है। लाड़ली बहनों के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना प्रारंभ की गई है और उसमें बहनों का पंजीयन प्रारंभ हो गया है। अगले 03 साल में इस योजना में सभी बहनों के मकान बना दिए जाएंगे। उज्ज्वला योजना की हितग्राही महिलाओं और लाड़ली बहनों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का इंतजाम कर दिया है। अगले माह से बहनों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर मिलना प्रारंभ हो जाएगा। गरीबों और मजदूरों के बच्चे भी पढ़ाई में आगे बढ़े इसके लिए लेपटॉप योजना और स्कूटी योजना का लाभ दिया जा रहा है। गरीबों के बच्चों की मेडिकल और इंजिनियरिंग की पढ़ाई का खर्च प्रदेश सरकार भरेगी। हमारी सरकार हर परिवार को एक रोजगार देने की व्यवस्था कर रही है। हम एक नया खुशहाल मध्य प्रदेश बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। खरगोन जिले में पिछले दिनों आयी बाढ़ की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि बाढ़ से हुए नुकसान का सर्वे किया जाएगा और नुकसान की भरपाई की जाएगी। जिन लोगों के मकान टूट गए हैं या डूब में आ गए हैं उन्हें भी मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रदेश सरकार ने कोई कसर बाकी नहीं रखी है तो वे भी इस बात का ध्यान रखे कि बाढ़ से प्रभावित किसानों और आम लोगों के सर्वे में किसी तरह की लापरवाही न हो। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि आज खरगोन जिले को 3673 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात मिली है। इसमें 1386 करोड़ रुपये की झिरन्या उद्ववहन सिंचाई योजना का भूमिपूजन और 515 करोड़ रुपये की बिस्टान उद्ववहन सिंचाई योजना का लोकार्पण भी शामिल है। इन योजनाओं से किसानों के खेतों में सिंचाई की सुविधा सुलभ होगी। आज खरगोन को मेडिकल कॉलेज की भी सौगात मिली है। हमारी परम्परा रही है कि प्राचीन देवलोको का सौंदर्यीकरण और विस्तार किया जाए इसी कड़ी में उज्जैन में महाकाल लोक बनाया गया है और ओंकारेश्वर में आदिगुरू शंकराचार्य की प्रतिमा लगाई गई है। अब खरगोन में नवग्रह लोक और महेश्वर में माँ अहिल्या लोक का काम भी शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खरगोन की सड़कों का काम पूरा किया जाएगा और हॉकी खिलाड़ियों के लिए एस्ट्रोटर्फ भी बनाया जाएगा। कार्यक्रम को सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल एवं ज्ञानेश्वर पाटिल ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आज 29 सितंबर को खरगोन के सुखपुरी में बनाए गए हैलीपेड पर आगमन हुआ। हैलीपैड पर कमिश्नर मालसिंह एवं कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के पशुपालन मंत्री प्रेमसिंह पटेल, खरगोन-बड़वानी सांसद गजेन्द्रसिंह पटेल, खण्डवा-बुरहानपुर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, राज्यसभा सदस्य सुमेरसिंह सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबाई तंवर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, पूर्व विधायक बालकृष्ण पाटीदार, बाबूलाल महाजन, आत्माराम पटेल, जमना सिंह सोलंकी, राजेन्द्र सिंह राठौर, विमुक्त घुमक्कड एवं अर्द्ध घुमक्कड़ आयोग के अध्यक्ष बाबूलाल बंजारा, इंदौर संभाग के कमिश्नर माल सिंह, कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती ज्योति शर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

कार्यकर्ताओं को कांग्रेस को जिताने नर्मदा मैया की दिलाई शपथ

भाजपा की डबल इंजन सरकार से जनता में है आक्रोश इसलिए निकल रही है जनाक्रोश यात्रा: सुरेश पचौरी

सिवनी मालवा/नवप्रदेश। प्रदेश की शिवराज सरकार और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार दोनों ही जगह भाजपा की सरकार विफल हो गई हैं। जिसे लेकर जनता में आक्रोश हैं। इसलिए हम जन आक्रोश यात्रा निकाल रहे हैं।

उक्त बात जन आक्रोश यात्रा के दौरान स्थानीय पुराने बस स्टैंड पर रखी गई आमसभा में यात्रा प्रभारी कांग्रेस नेता पूर्व सांसद सुरेश पचौरी ने कही। उन्होंने यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने क्षेत्र के विकास को अवरुद्ध किया है। कांग्रेस की सरकार के समय हमने डोलरिया में स्टील प्लांट का भूमि पूजन किया था लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार अड़ंगा डालकर भूमि उपलब्ध नहीं कराई। श्री पचौरी ने कहा कि हमारे नेता कमलनाथ ने 15 महीने में 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया। शर्म की बात यह है कि उज्जैन में नाबालिक बच्ची को निर्वस्त्र कर घूमने के लिए मजबूर किया गया। आज महिला अपराधों में प्रदेश नंबर वन बना हुआ है। प्रदेश में गरीब आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, हरिजन, अल्पसंख्यको के साथ भेदभाव और अन्याय किया जा रहा है। अब फिर आने वाले चुनावों में प्रदेश में कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बन रही हैं। कमलनाथ ने प्रदेशवासियों को 11 वचन दिए हैं। वह ऐसे नेता है जो कहते हैं, वह करते हैं। महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह, किसान के लिए 12 घंटे बिजली, 100 यूनिट तक बिजली फ्री रहेगी। किसान के झूठे मुकदमे वापस लिए जाएंगे आदि वचन दिए हैं। कांग्रेस की गुटबाजी को देखते हुए सुरेश पचौरी ने मंच से कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाई और कहा कि नर्मदा मैया की शपथ लेकर कहो कि उम्मीदवार कोई भी हो, हम कांग्रेस को विजय दिलाने के लिए कार्य करेंगे।

महापौर और अध्यक्ष ने इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय स्मार्ट सिटी पुरस्कार कार्यक्रम में की सहभागिता

बुरहानपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्मार्ट सिटी पुरस्कार कार्यक्रम 26 एवं 27 सितम्बर को इंदौर में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में समार्ट सिटी योजना अंतर्गत देश में मध्यप्रदेश को सर्वश्रेष्ट प्रदर्शन हेतु राज्य की श्रेणी का प्रथम पुरस्कार तथा प्रदेश के विजेता स्मार्ट सिटी शहरो को भी इस कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान, आवास एवं शहरी विकास मंत्री श्री कौशल किशोर जी, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पूरी, लोकसभा सांसद श्री शंकर लालवानी, इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, श्री नीरज मंडलोई जी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में महापौर एवं अखिल भारतीय महापौर परिषद अध्यक्ष श्रीमती माधुरी अतुल पटेल एवं निगम अध्यक्ष श्रीमती अनिता अमर यादव, पूर्व महापौर श्री अतुल पटेल, श्री राजेश शिवहरे ने सम्मिलित होकर सभी कार्यक्रमों में सहभागिता की। इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए प्रदेश के सभी महापौर, निगम अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षो को नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह जी द्वारा पत्र प्रेषित कर आमंत्रित किया गया था। इसी प्रकार 26 सितम्बर को प्रदेश की समार्ट सिटी द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई थी।

संक्षिप्त समाचार

लक्ष्य कोचर ने गणेश जी का लिया आशीर्वाद

मुंबई/नवप्रदेश। हाल ही में प्रशंसित वेब श्रृंखला बंबई मेरी जान में अज्जू कादरी के रूप में अपनी प्रभावशाली भूमिका के लिए जाने जाने वाले प्रतिभाशाली अभिनेता लक्ष्य कोचर ने एक विनम्र लेकिन आनंदमय तीर्थयात्रा में मुंबई के प्रतिष्ठित लालबागचा राजा मंदिर के दर्शन किए। यह आध्यात्मिक प्रवास वेब श्रृंखला की भारी सफलता के बाद आया है। लालबागचा राजा, मुंबई के सबसे प्रतिष्ठित और प्रतिष्ठित गणेश मंदिरों में से एक, अनगिनत भक्तों के लिए आशा, विश्वास और दैवीय हस्तक्षेप का प्रतीक है। लक्ष्य कोचर के लिए, यह यात्रा न केवल एक व्यक्तिगत प्रयास थी, बल्कि श्रृंखला की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रशंसकों और समर्थकों के प्रति कृतज्ञता की हार्दिक अभिव्यक्ति भी थी। लक्ष्य ने साझा किया, मैं वास्तव में बंबई मेरी जान को मिले प्यार और सराहना से अभिभूत हूं। मैं उन दर्शकों का आभारी हूं जिन्होंने हमारे काम को पूरे दिल से स्वीकार किया है। लालबागचा राजा के दर्शन करना ब्रह्मांड को धन्यवाद कहने का मेरा तरीका है।

आरती थाली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बड़वानी/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय स्थित गवर्नमेंट ओबीसी गर्ल्स हॉस्टल में आरती थाली सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन कोमल सोनगड़े व वर्षा मालवीय के निर्देशन में किया गया था। जिसमे करीब 20 बालिकाओं द्वारा प्रतियोगिता में हिस्सा लिया गया था। जिसमे होस्टल अधीक्षिका मेघा मेहता ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। मेघा मेहता ने बताया कोमल सोनगड़े व वर्षा मालवीय हमारे हॉस्टल की ब्रिलियंट लडकिया है उनके निर्देशन में गर्ल्स के द्वारा बहुत ही सुंदर व मनमोहक आरती थाली की सजावट की गई है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पूजा मालविया,दितीय स्थान पर तनीषा राठौड़ , तृतीय स्थान पर वैष्णवी कौशल रही। साथ ही गणेश जी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया । वही छप्पन भोग प्रसादी का आयोजन भी बालिकाओं द्वारा किया गया था।वही रात भर जागरण भी किया गया।ज्ञात हो कि कोमल सोनगड़े व वर्षा मालवीय के निर्देशन में ऐसे आयोजन होते रहते है।

सैकड़ों वर्ष से श्री राम कुलेश्वर मंदिर में स्थापित है गणेश जी की प्रतिमा

बड़वानी/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय पर पार्टी नाका स्थित श्री राम कुलेश्वर महादेव मंदिर में एक कुटिया में विराजित है अनोखी गणेश जी की मुख स्वरूप प्रतिमा 1972 में कहार मोहल्ले में हरि जोशी के घर के अंदर सफेद अकाव के पेड़ से 15 साल बाद निकली थी।जो सन्तो के मार्गदर्शन में 1985 के करीब हरि जोशी के द्वारा श्री राम कुलेश्वर महादेव मंदिर में जाकर गणेश जी की प्रतिमाक को स्थापित करने की गई इसके बाद मंदिर समिति और हरि जोशी के द्वारा डेहरी से कलाकरो को बुलाकर गणेश जी की मुख प्रतिमा को आकृति दी गई।जिसके बाद रुद्र अभिषेक ओर हवन भंडरा कराया था। आज मूर्ति को करीब 30 साल होगये है।यह गणेश जी की मुख मूर्ति सपेद अकाव के पेड़ से निकली थी।वही आपको बता दे गणेश जी को सफेद अकाव का पेड़ बहोत प्रिय है। शिव कुमार जोशी, मुकेश पुरोहित ने बताया कि हम 35 साल से मन्दिर आ रहे है।हमारी ओर समिति के सदस्यों ने जो भी मनोकामना मांगी वो पूरी हुई है। गणेश चतुर्थी के 10 दिन महा आरती होती है और महाप्रसादी बाटी जाति है। बड़ी संख्या में वक्त यहां पर मौजूद रहते हैं।

हिरनखेड़ा में नाबार्ड बनाएगा रूलर हाट, सरपंच ने किया भूमिपूजन

सिवनी मालवा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत हिरनखेड़ा में सरपंच की पहल पर राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड ग्राम हिरनखेड़ा में रूलर हाट का निर्माण करने जा रहा हैं। जिसका भूमि पूजन सरपंच अमृता लिटोरिया ने किया। ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले साप्ताहिक घाट बाजारों को एक व्यवस्थित प्लेटफार्म देने के उद्देश्य से नाबार्ड और ग्राम पंचायत हिरनखेड़ा कि संयुक्त परियोजना के तहत रूलर हाट का निर्माण किया जाएगा। वर्तमान में हिरनखेड़ा का साप्ताहिक हाट शनिवार के दिन कच्चे मैदान में लगता हैं लेकिन बारिश के दिनों में व्यापारियों और ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। ग्राम पंचायत हिरनखेड़ा की सरपंच ने इस संबंध में शासन व नाबार्ड संस्था को अवगत कराया गया था। नाबार्ड के जिला प्रबंधक दीपक पाटिल ने इस समस्या के समाधान हेतु उच्चस्तर पर बात कर रुलर हाट निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया था। जिसे स्वीकृत कर रुलर हाट निर्माण हेतु प्रस्ताव अनुमोदित कर

पूर्ण भाईचारे के साथ मनाया गया गणेश विसर्जन और ईद मिलादुन्नबी का पर्व

सिवनी मालवा/नवप्रदेश। दुनिया में सिर्फ ऐसे सद्भावपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाया जाता हैं तो केवल भारत में ही ऐसा नजारा देखा जा सकता हैं। गुरुवार को ऐसा ही सब कुछ देखने को मिला। जहा 10 दिवसीय गणेशोत्सव के समापन गणेशचतुर्थी को हिन्दुधर्मावलम्बियों ने भगवान विघ्नहर्ता गणेशजी की प्रतिमाओं के विसर्जन के किए शोभा यात्राएं निकाली। वही दूसरी ओर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी पर धूमधाम से गाजे बाजे के साथ जलसा निकाला। शहर में जहां एक और भगवान गणेश की आरती और हवन चल रहे थे। वहीं दूसरी ओर ईद मिलादुन्नबी का जुलूस भव्य रूप में निकल रहा था। ऐसा नजारा देखकर नगर में भाईचारे और सद्भाव की मिसाल दी जा सकती है। सिवनी मालवा शहर में गुरुवार को हिंदू धर्म और लंबी 10 दिन चले गणेश उत्सव के समापन पर गणेश पंडालों और घरों में हवन पूजन कर रहे थे, तो कुछ मूर्तियों के विसर्जन का सिलसिला भी जारी था। वहीं मुस्लिम समाज के द्वारा सुबह 11.00 बजे डीजे की धुन पर धर्मावलंबियों ने धूमधाम से ईद मिलादुन्नबी पर जलसा निकाला। जो पुराने बस स्टैंड से नगर पालिका के सामने गांधी चौक, पाठक चौक, जेल रोड, लोखरतलाई नाका, गोंडी मोहल्ला, राही चौक, साई चौक, रेंज ऑफिस चौक, कल्लू चौक, नर्मदा मंदिर चौक होते हुए गांधी चौक से जामा मस्जिद में पहुँच कर संपन्न हुआ। इसी दौरान वही नगर में अनेको स्थानों पर विराजित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन का सिलसिला भी दूसरी तरफ से जाए था।

अल्प प्रवास पर ब्यौहारी पहुंचे कंप्यूटर बाबा

गौमाता बचाओ आंदोलन के तहत चित्रकूट से चलकर ब्यौहारी पहुंचे कंप्यूटर बाबा का नगर में स्वागत किया गया। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद ताम्रकार ने समस्त संन्त समाज को नमन किया। साथ ही जिला संगठन मंत्री संन्तोष कुमार शुक्ल से स्वागत भाषण दिया। अपने सम्बोधन मे मंण्डलेश्वर कंप्यूटर बाबा ने कहा कि प्रदेश मे गऊ माताओ का बुरा हाल है वर्तमान शिवराज सरकार धर्म की बात करती है और काम अधर्म का करती है 15 महीने कमलनाथ सरकार रही प्रदेश मे हजारो गऊ शालाओ का निर्माण कराया हर साल कमलनाथ सरकार एक हजार गऊशालाओ का निर्माण कराने का बचन दी थी लेकिन अधर्म और अलोकतांत्रिक तरीके से सरकार गिरा दी गई और फिर शिवराज सरकार अधर्म करने लगी आप किसी भी रोड मे देख लीजिए दर्जन दो दर्जन गऊ माताऐ खडी या बैठी मिलेगी जो अकारण दुर्घटनाओ का शिकार होती है इसलिए मै जनता जनार्दन से कहना चाहता हू कि वर्तमान की भ्रष्टाचारी सरकार को हटाकर काग्रेश की सरकार बनाए। कंप्यूटर बाबा ने पत्रकारो के सवालों का जबाव भी दिया और चले गऐ।

पुस्तकालय स्थापना हेतु सभी जरूरी प्रबंध करने के दिए निर्देश

जिला जेल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

कटनी/नवप्रदेश । कलेक्टर अवि प्रसाद ने कल औचक रूप से जिला जेल पहुंचकर यहां बंदियों की पढाई लिखाई के लिए स्थापित होने वाले पुस्तकालय के लिए कक्ष का अवलोकन किया। उन्होनें जेल अधीक्षक प्रभात चतुर्वेदी को पुस्तकालय से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थांए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री प्रसाद ने अपने पिछले माह के जेल भ्रमण के दौरान जिला जेल में सजायाफ्ता और विचाराधीन बंदियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए बंदियों को साक्षर करने का अभिनव नवाचार शुरू किया है। इसके सकारात्मक परिणाम भी दिखने लगे है। जहां हाल ही मे बीते रविवार को 27 निरक्षर कैदियों ने साक्षरता की दिशा मे अपना कदम बढाते हुए नव भारत साक्षरता कार्यक्रम मूल्यांकन परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें 11 सजायाफ्ता एवं 16 विचाराधीन बंदी शामिल थे। जिला जेल में पुस्तकालय स्थापना के पीछे कलेक्टर श्री प्रसाद की मंशा बंदियों को साक्षर कर उनके जीवन को शिक्षा के प्रकाश से आलोकित करना है। ताकि अपनी गल्तियों की वजह से जेल में रहने की दुश्वारियां झेल रहे बंदियों की जेल से बाहर आने के बाद जिंदगी सहज और सामान्य हो सके। जेल निरीक्षण के पूर्व कलेक्टर श्री प्रसाद ने पीरबाबा स्थित आबकारी एवं वन नाका का निरीक्षण किया। आगामी निर्वाचन के मद्देनजर अपेक्षाकृत संवेदनशील माने जाने वाले पीरबाबा स्थित आबकारी एवं वन संयुक्त नाका का निरीक्षण किया और

सीवर लाइन बिछाने का कार्य कल होगा प्रारंभ

कटनी। आवागमन में सुविधानुसार चरणबद्ध तरीके से होगा सीवर लाइन बिछाने का कार्य कटनी। नगर पालिक निगम महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी द्वारा 28 सितम्बर को दोपहर 2 बजे महापौर कार्यालय कक्ष में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में घंटाघर से जगन्नाथ चौक रोड में सीवर लाइन का कार्य प्रारंभ करने के लिए स्थानीय निवासियों से विस्तार से चर्चा की गई तथा उनसे सलाह मशविरा किया गया। बैठक में क्षेत्रीय निवासियों से चर्चा में निर्णय लिया गया कि 30 सितम्बर 2023 को दोपहर 12 बजे घंटाघर से सीवर लाइन का कार्य प्रारंभ कराया जायेगा। उपस्थित क्षेत्रीय निवासी जनों ने इस विषय पर अपने अपने विचार रखते हुये चर्चा की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सीवर लाईन का कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जायेगा। जिससे लोगों को आवागमन में असुविधा न हो भारी वाहनों को प्रतिबंधित किया

बीमार व्यक्तियों के उपचार में आर्थिक कठिनाईयां नही बनेगी बाधक-जन जातीय कार्य मंत्री

उमरिया जिले के मानपुर विकासखंड में आयुष्मान भव- मेले में नागरिकों का निःशुल्क उपचार किया

भोपाल/नवप्रदेश। रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा और उपचार प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को मिले, इस उद्देश्य से प्रदेश सरकार कई योजनाओं के माध्यम से नागरिकों को लाभान्वित कर रही है। आयुष्मान भव- योजना के तहत जिले की प्रत्येक जनपद पंचायत में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में मेडिकल कॉलेज तथा जिला एवं संभाग स्तर से विशेषज्ञ चिकित्सक बीमार व्यक्तियों का इलाज कर रहे हैं। गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को चिन्हित कर उन्हें उपचार हेतु विशेषज्ञ चिकित्सालयों में उपचार हेतु भेजा जा रहा है। आयुष्मान कार्ड योजना के तहत पंजीकृत परिवारों को पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार शासन द्वारा चिन्हित अस्पतालों के माध्यम से कराया जा रहा है। यह बात जनजातीय कार्य मंत्री सुश्री मीना सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में आयोजित आयुष्मान भव- मेला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर 15 दिनों का पखवाड़ा आयोजित कर आयुष्मान भव- मेला आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य बीमार व्यक्तियों को समुचित इलाज उपलब्ध कराना है। आयुष्मान भव- मेले में जिनके आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं उनके कार्ड भी बनाए जायेंगे। इसी तरह बीमार व्यक्तियों की जांच कर उन्हें चिन्हित किया जाएगा एवं उनका इलाज बाहर के अस्पतालों में किया जाएगा मेले में 1668

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 402 , कौशल्या विहार , नेपियर टाउन , 482001 से प्रकाशित, मो. 6262188999 (न्याय क्षेत्र जबलपुर) ।